

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 28 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-181 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### चार जगहों पर एनआईए का छापा, पत्रकार के घर भी पहुंची टीम

**कांकेर,28 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में नक्सल मामलों को लेकर लगातार एनआईए की छापेमारी जारी है. आज फिर एनआईए की टीम ने कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा में स्थानीय पत्रकार के निवास समेत चार जगहों पर छापा मारा है. जिले की पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद हैं. फिलहाल छापेमारी की कोई जानकारी नहीं दी जा रही है. 4 अलग-अलग जगहों पर सुबह से एनआईए की कार्रवाई जारी है. बड़ा खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है.

### इजरायली हमले में मारा गया हिजबुल्लाह चीफ

**नई दिल्ली,28 सितंबर।** बेरूत में हिजबुल्लाह के केंद्रीय मुख्यालय पर हमले के बाद इजरायील सेना ने हसन नरसुल्ला के मारे जाने का ऐलान कर दिया है। इजरायल डिफेंस फोर्स ने सोशल मीडिया प्लैटफर्म एक्स पर कहा है कि हस नसरल्लाह अब दुनिया में आतंक नहीं फैला पाएगा। इजरायल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की के मारे जाने की भी पुष्टि हुई है। इजरायली वायुसेना ने बेरूत में हिजबुल्लाह के मुख्यालय को निशाना बनाया था। बताया जाता है कि यह मुख्यालय एक रिहाइशी इमारत के नीचे अंडरग्राउंड था।

### कांग्रेस नेता की कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**बलौदाबाजार,28 सितंबर।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. बताया जा रहा कि कार कांग्रेस नेता की है, जो न्याय यात्रा से लौट रहे थे. यह हादसा पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोदवा के पास शुक्रवार रात को हुआ. घटना की सूचना पर पलारी पुलिस मौके पर पहुंची. युवक के शव को पलारी हॉस्पिटल भेजकर पुलिस घटना की जांच कर रही. मिली जानकारी के मुताबिक, युवक अपने परिवार में अकेला था और उसके दो छोटे बच्चे हैं. पलारी पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है. फिलहाल कार किस कांग्रेस नेता की है इसका पता नहीं चल पाया है.

### बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों के लिए ट्रेनों का स्टॉपेज

**रायपुर,28 सितंबर।** नवरात्रि पर्व पर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में दिया गया है। रद्द तीन मेमू ट्रेनों को रिस्टोर किया गया है. वही चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है. नवरात्रि पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ जाने वाले भक्तों के लिए हर वर्ष रेलवे एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा उपलब्ध कराता है. डोंगरगढ़ में लगने वाले मेले और मां के दर्शन हेतु जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए लंबी दूरी की 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव दिया गया है. इसके अलावा रद्द की हुई तीन मेमू ट्रेनों को भी नवरात्रि तक के लिए अस्थायी तौर पर रिस्टोर किया गया है.

### मुंबई में मंदिरों पर आतंकी हमले का खतरा

**मुंबई,28 सितंबर।** केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने मुंबई में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके बाद मुंबई पुलिस ने सघन इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस के सूत्रों ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कई धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूत्र ने कहा कि ऐसी जगहों पर मॉक ड्रील भी चलाए गए हैं। मुंबई पुलिस के तमाम डीसीपी को अपने-अपने इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि शहर के मंदिरों को भी अलर्ट किया गया है। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने के लिए कहा गया है। एनडीटीवी से बात करते हुए सिद्धिविनायक मंदिक के चेयरमैन सदा सर्वंकर ने कहा, हमें मुंबई पुलिस के द्वारा मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा गया है। हमें तमाम सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है।

# ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है: मोदी

**श्रीनगर,28 सितंबर।** जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में एक बड़ी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के शुरूआत में जम्मू की ये सभा इस विधानसभा चुनाव की मेरी आखिरी सभा है। मुझे बीते हफ्तों में जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का अवसर मिला है। मैं जहां भी गया, वहां भाजपा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह दिख रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, एनसी-पीडीपी के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो, नौकरियों में भेदभाव हो। जम्मू-कश्मीर के लोग आतंक, अलगाव और खून-खराबा अब नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पिछले 2 चरणों में हुए भारी मतदान ने जम्मू-कश्मीर की जनता का मूड बता दिया है। दोनों चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हुई है। अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र के लोगों के लिए इतिहास में पहले कभी ऐसा मौका नहीं आया है, जो इस चुनाव में आया है। अब पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। आपको इस मौके को छोड़ना नहीं है। क्योंकि भाजपा की जो सरकार यहां बनेगी, वो आपकी पीड़ा को दूर करेगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, एनसी-पीडीपी के नेता और उनके परिवार ही फले-फुले। आपके हिस्से तो सिर्फ और सिर्फ तबाही आई। उन्होंने कहा कि ये जो हमारी पीढियां बर्बाद



हुई हैं, इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की गलत नीतियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ तबाही दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू का बहुत बड़ा हिस्सा बॉर्डर से सटा है। आप वो दौर याद कीजिये, जब सीमापार से आए दिन गोले बरसते थे, आए दिन मीडिया में ब्रेकिंग न्यूज चलती थी कि एक बार फिर सीजफायर का उल्लंघन। उधर से गोलियां चलती थी और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। लेकिन जब भाजपा की सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया, तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 28 सितंबर है, साल 2016 में आज की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी... भारत ने दुनिया को बता दिया था कि ये नया भारत है... ये घर में घुस कर मारता है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की... तो मोदी पाताल में भी उन्हें खोज निकालेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने हमारी फौज से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस वो पार्टी है, जो आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है। क्या आप ऐसी कांग्रेस कपो माफ़ कर सकते हैं? देश के लिए मर-मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती।

मोदी ने कहा कि आज की कांग्रेस पूरी तरह अर्बन नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं... तो कांग्रेस को अच्छा लगता है। उनमें इनको अपना वोटबैंक दिखता है लेकिन अपने ही लोगों की पीड़ा पर ये उनका भद्दे तरीके से मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, ये संविधान के दुश्मन हैं। इन्होंने संविधान की स्पिरिट का गला घोंटा है। यहीं जम्मू में कईं-कईं पीढ़ियों से यहां रह रहे अनेक परिवारों को वोट देने तक का हक नहीं था। उन्हें कांग्रेस, एनसी-पीडीपी ने इस हक से वंचित किया था।



**राजनांदगांव,28 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने परकुलेशन टैंक साईट, स्वच्छता लक्षित इकाई (सीटीयू) और जिला प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण। इस दौरान केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने महिलाओं से प्लास्टिक वेस्ट मैंनेजमेंट यूनिट के बारे में की चर्चा। साथ ही स्टॉल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने ग्राम बरगा में पौधारोपण किया।



# कवर्धा में सनकी ने चाकू मारकर ले ली युवक की जान

## मुआवजे के लिए लाश के साथ सड़क पर बैठे ग्रामीण

**कवर्धा,28 सितंबर।** कवर्धा लगातार अपराधों की वजह से चर्चा में बना हुई है. इस कड़ी में एक सनकी युवक ने चाकू और पेंचकस मारकर चार युवकों पर हमला कर दिया, जिसमें एक युवक की जान चली गई. मृत युवक के परिजन मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग करते हुए ग्रामीण राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाश को रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं. जिले के सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के बाजार चारभाटा चौकी अंतर्गत ग्राम बिरनपुर खुर्द में शुक्रवार को सनकी युवक ने चाकू-पेंचकस से लोगों पर हमला कर दिया था. इसमें रोहित साहू गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने आरोपी अशोक साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था. घटना के एक दिन बाद शनिवार को ग्रामीण रोहित साहू की लाश को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं. ग्रामीणों की मांग है कि मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने के साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए. इसके साथ ही आरोपी युवक को फांसी दी जाए. ग्रामीणों के राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम किए जाने से गाड़ियों की दोनों तरफ लंबी कतार लग गई है. इसके साथ ही आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्रदर्शन के बीच पुलिस-प्रशासन के लोग ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन समाचार लिखे जाने तक समझौता नहीं हो पाया था.

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाकों के बाद आग,3 की मौत

**चंडीगढ़,28 सितंबर।** दिल्ली से सटे हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव रिढाऊ में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाकों के साथ आग लगने से 3 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग बुरी तरह झुलस गए। गंभीर हालत में सभी को पीजीआई रोहतक ले जाया गया है। मृतकों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। एक-दो अन्य के शव भी दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गांव रिढाऊ में आबादी के अंदर घर में ही अवैध पटाखा फैक्ट्री चल रही थी। फैक्ट्री में 10-12 लोग काम करते थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे तेज धमाके के साथ फैक्ट्री में आग लग गई। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जोरदार धमाके के बाद ग्रामीणों को हादसे का पता चला। उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाले का प्रयास शुरू किया और पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया। इस घटना में अब तक तीन लोगों की आग में जलने से मौत हो गई है, जबकि 6 अन्य को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई ले जाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें नहीं पता था कि यहां मकान के अंदर पटाखे बनाए जा रहे हैं। रिढाऊ गांव



का रहने वाला वेद नाम का शख्स अपने घर में ही अवैध पटाखा फैक्ट्री चला रहा था। बताया जा रहा है कि धमाके का कारण गैस सिलेंडर का लीक होना था। पुलिस और प्रशासन इस मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है।

# सक्ती में एसबीआई की फर्जी शाखा!

**सक्ती,28 सितंबर।** ऑनलाइन ठगी, ओटीपी और पिन नंबर के नाम से अब तक लोगों के साथ ठगी का मामला सामने आता था पर सक्ती जिले में अनोखा मामला सामने आया है, जिसे जानकार आप भी हैरान रह जाएंगे. दरअसल यहां फर्जी बैंक शाखा चल रहा था. इस मामले की शिकायत पर पुलिस जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है. यह मामला सक्ती जिले के मालखरौदा थाना के ग्राम छपोरा का है, जहां स्टेट बैंक का फर्जी शाखा खुला है. इसकी जानकारी स्टेट बैंक के अधिकारियों को नहीं है. स्टेट बैंक के अधिकारियों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी सूचना मालखरौदा पुलिस को दी. मौके पर पुलिस एवं प्रशासन की टीम पहुंची और जांच की, जिसमें यह शाखा फर्जी निकली. एसबीआई के अधिकारियों की शिकायत थी कि स्टेट बैंक का बड़ा बैनर लगाकर बैंक का सेटअप लगाया गया है. जब जांच टीम मौके पर पहुंची तो कथित बैंक मैनेजर फरार था. शाखा में 6 कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्होंने बताया कि पत्र एवं इंटरव्यू के



माध्यम से उनको एप्वॉइंट किया गया था. इस शाखा में एम्पलाई को ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था. उनको बाद में अन्य स्थान में पोस्टिंग करने की बात कही गई थी. इस मामले में सक्ती एसडीओपी मनीष कुंवर ने बताया, स्टेट बैंक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया गया है. मामले की जांच की जा रही है. जो भी दोषी पाए जाएंगे, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# गिरिराज सिंह को पाकिस्तान के नंबर से मिली धमकी

**नई दिल्ली,28 सितंबर।** अक्सर अपने बयानों की वजह से सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को पाकिस्तान-पंजीकृत नंबर से धमकी भरा कॉल आया। वास्तव में यह कॉल उनके प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर के पास आया था। पाकिस्तान के नंबर से ये वॉट्सऐप कॉल आया था जिसमें गिरिराज सिंह और अमरेंद्र कुमार अमर को अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। अमर ने बताया कि सुबह 11.28 बजे व्हाट्सएप के जरिए कॉल आई। कॉल के दौरान, कॉल करने वाले ने सिंह के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और धमकियां दीं। अमर, जो भाजपा की खगड़िया जिला इकाई का प्रबंधन भी करते हैं, ने तुरंत स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने पुष्टि की कि शिकायत दर्ज होने के तुरंत बाद एक पुलिस टीम ने अमर के आवास का दौरा किया। अधिकारियों ने यह भी नोट किया कि कॉल करने वाले ने एक अनिर्दिष्ट व्यक्ति की गिरफ्तारी का संदर्भ दिया। पुलिस ने आपराधिक धमकी का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। वहीं, पूरे मामले पर गिरिराज सिंह का भी बयान सामने आया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि मुझे यह मेरे मोबाइल पर प्राप्त नहीं हुआ। इसे बेगुसराय से हमारे पार्टी नेता अमरेंद्र ने प्राप्त किया। भाजपा नेता ने आगे बताया कि उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी है और वे इसकी जांच कर रहे हैं। लेकिन हम किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं हैं।

# खेत में गड़ा मिला लापता किसान का शव

**पिथौरा,28 सितंबर।** महासमुंद जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सराईटार में चार दिनों से लापता एक युवक का शव गांव के खेत में गड़ा मिला. इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है. चार दिन पहले घर से निकलने के बाद नहीं लौटने पर परेशान परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बुधवार को थाने में दर्ज कराई थी. वहीं आज सुबह पीताम्बर ध्रुव के खेत में गड़े शव की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस में दी, जिसके बाद मृतक की पहचान लापता युवक 34 वर्षीय खिलेश्वर साहू के रूप में हुई. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है. परिजनों के अनुसार, मृतक खिलेश्वर मंगलवार को घर से निकला था, लेकिन उसकी कोई खबर नहीं आई. जब 24 घंटे तक उसकी खोजबीन के बाद भी खबर नहीं मिली, तो परिवार ने पुलिस का सहारा लिया. इधर आज सुबह खेत में शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, तो जांच में पता चला कि यह शव लापता किसान का ही है. परिजनों के अनुसार मृतक खिलेश्वर का



किसी से विवाद नहीं था, लेकिन अचानक हुई उसकी मौत से परिवार सदमे में है. महासमुंद पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया हत्या का लगता है, लेकिन पुलिस अभी तक किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है. पुलिस फिलहाल मामले की गहराई से जांच कर रही है. जांच में आपसी रंजिश और अन्य संभावित कारणों की जांच की जा रही है. पुलिस आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है और जल्द ही सुलझाने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि मामले में दोषी पाए जाने पर अपराधियों को जल्द ही पकड़ा जाएगा.

### बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी निकली फर्जी

**बेंगलुरु, 28 सितंबर।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई, पुलिस ने जांच में इसे फर्जी करार दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने एक ईमेल के माध्यम से होटल में बम होने की धमकी दी। यह होटल प्रमुख राजनेताओं और क्रिकेटरों की मेहमान नवाजी के लिए जाना जाता है। धमकी मिलने के बाद, स्थानीय पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने होटल पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच के दौरान, पुलिस ने होटल की पूरी परिसर की जांच की और पाया कि यह धमकी फर्जी थी। डीसीपी सेंट्रल ने अपने बयान में कहा कि हमें आज सुबह ताज वेस्ट एंड होटल के लिए एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र हाथ बदलेगा हालात

**हरियाणा,28 सितंबर।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र हाथ बदलेगा हालात के नाम से जारी कर दिया है। इसमें लोगों को 25 लाख तक का मुफ्त इलाज, महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये और गरीबों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है।चंडीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्?डा, पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान इस मौके पर मौजूद रहे।हालांकि, नाराज बताई जा रहीं सांसद कुमारी सैलजा समारोह में मौजूद नहीं थीं।इंदिरा लाडली बहन सम्मान योजना के तहत कांग्रेस 18 साल से 60 साल तक की महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये देगी।महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर भी दिया जाएगा।महिलाओं की मालिकाना हक वाली संपत्ति पर टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।हरियाणा में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण भी दिया जाएगा।महिलाओं के लिए कॉलेज तक मुफ्त शिक्षा और विशेष बसें चलाई जाएंगी।

कांग्रेस ने किसान आंदोलन के दौरान मारे गए 700 से अधिक किसानों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया है।इसके अलावा सतलुज-यमुना लिंक नहर से पानी लेने का वादा भी किया गया है।हिमाचल प्रदेश की तरह हरियाणा में भी पुरानी पेंशन योजना लागू करने की बात भी कांग्रेस के घोषणापत्र में है।प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर क्रीमी लेयर का दायरा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाएगा।

कांग्रेस ने कहा कि किसानों पर बीते समय में दर्ज किए गए सभी मामले वापस लिए जाएंगी और पूरे मामलों की समीक्षा की जाएगी।घोषणा पत्र समिति की अध्यक्ष गीता भुक्कल ने कहा, हरियाणा किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर बिकेगा। कांग्रेस सरकार बनने पर ब्राह्मण कल्याण आयोग का गठन, पंजाबी वेलफेयर बोर्ड और अल्पसंख्यक आयोग का भी गठन किया जाएगा। सफाई कर्मियों को ड्यूटी के दौरान मौत पर 30 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा।

कांग्रेस ने हर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, सरकारी नर्सिंग कॉलेज, पैरा मेडिकल, मेडिकल तकनीशियन संस्थान खोलने की बात कही है।राजस्थान की तरह चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज के लिए बीमा योजना लागू होगी।पार्टी ने मेडिकल शिक्षा फीस घटाने और बॉन्ड पॉलिसी पर पुनर्विचार के लिए समिति गठित करने की बात कही है।45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का हर साल मुफ्त चेकअप होगा।

हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को मतदान और 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।पहले यहां 1 अक्टूबर को मतदान और 4 अक्टूबर को मतगणना होनी थी, लेकिन लंबी छुट्टियों का हवाला देकर तारीख आगे बढ़ाई गई है।पिछले चुनावों में भाजपा को 40 सीटें मिली थीं और उसने 10 सीटें जीतने वाली जेजेपी के साथ सरकार बनाई थी।कांग्रेस को 31, आईएनएलडी और एचएलपी को 1-1 और 7 सीटों पर निर्दलीय जीते थे।



### अब हिंदू हाईस्कूल में पड़ी मिली हजारों किताबें, पूर्व विधायक का एक और खुलासा

**रायपुर।** कबाड़ में किताब मिलने के बाद सरकारी स्कूलों में हजारों की संख्या में किताबें पड़ी मिल रही है. सिलसिलेवार इसका खुलासा होते जा रहा है. ताजा मामला आज राजधानी रायपुर के हिंदू हाईस्कूल से सामने आया है, जहां हजारों की संख्या में किताबें पड़ी मिली. इसका खुलासा कांग्रेस के पूर्व विधायक ने दबिश देकर किया. कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय का आरोप है कि प्रदेशभर में इसी तरह लाखों किताबें रद्दी में डाल दी गई है. खास बात यह है कि किताबें इसी साल की है. जिन किताबों को गरीब बच्चों के बीच होना चाहिए था, वो कबाड़ में मिल रहा. कहीं न कहीं यह खेल करोड़ों के भ्रष्टाचार का है. इस भ्रष्टाचार में नीचे से ऊपर सभी की मिलीभगत है. गौरतलब है कि विकास उपाध्याय ने सबसे पहले सिलायरी स्थित पेपर मिल में किताब मिलने का मामला उजागर किया था, उसके बाद अभनपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल और आज हिंदू हाई स्कूल में किताबें मिलने उजागर किया है.

एक नजर

## वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित पाटन की आम सभा संपन्न




**उतई, 28 सितंबर।** वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित पाटन की वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ जिसमें 2023-2024 आय व्यय का जानकारी सभी किसानों को दिया गया जिसमें किसानों को ऋण लेने के लिए आमंत्रित किया 2023-2024 ऋण वितरण का लक्ष्य 335.00 लाख था जिसकी पूर्ति 315.00लाख हुआ वर्ष 2024-2025 मे त्रण वितरण का लक्ष्य 400.00लाख है जिसकी पूर्ति अभी तक 346.22 लाख हुआ है तथा ऋण वितरण जारी है जिसकी वसूली पूर्णता आने की संभावना है पिछले वर्ष समिति की कुल मांग 353.22 था जिसकी वसूली 349.68 हुआ जो की वसूली का 99त्न है समिति मैं कुल 1288 कृषक परिवार है जिसमें 1065असक्त 130 सशक्त इस तरह से कुल 1195सदस्य है वह चालू वर्ष में कुल29 नए सदस्य की भर्ती हुई है व 90 अग्रणी कृषक है समिति की बचत अमानत 52.16लाख है जिसमें 507खाता धारक हैं जमा राशि का 50.49लाख फिक्स तथा 17.41लाख बचत सेविंग मैं जमा है आय व्यय की जानकारी समिति के प्रबन्धक सुकालूराम वर्मा ने दिया इस बैठक में नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले,जिला पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी,नागेन्द कश्यप,पूर्व सोसायटी अध्यक्ष बीरेंद्र वर्मा,केशव बंछोर,पार्षद लीलेश वर्मा,सागर सोनी,छबिश्याम देवगन,जितेन्द्र मिश्रा,सियाराम वर्मा,लोकेश नायक,छोटू देवांगन,केवल देवांगन,सह प्रबंधक शेखर कश्यप,चंदू साहु,रोहित यादव सहित किसान बंधु उपस्थित थे।

## पाटन में भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**उतई, 28 सितंबर।** जनसंघ के संस्थापक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वीं उपलक्ष्य में पाटन नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया इस अवसर पर भाजपा मध्य पाटन मण्डल के उपाध्यक्ष व नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले ने बताया राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर सदस्यता अभियान का कार्य चल रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा भाजपा का सदस्य बनाने के लिए कही व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वीं जयंती पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले,अपिछा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष कुणाल शर्मा,महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष निशा सोनी,नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष रानी बंछोर,सागर सोनी,राज देवांगन,हेमलता पटेल,राधे यादव,आदित्य सावर्णी,नितेश तिवारी,नीलकंठ देवांगन,रेणुका बिजौरा,ओमप्रकाश साहू,भास्कर वर्मा,छबिश्याम देवांगन,राधिका कोसे,चंद्रप्रकाश देवांगन,देवेन्द्र ठाकुर,अजहर खान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लंच में खाया चना-मुर्रा और लगाए नारे, हड़ताल से निगम में पसरा सन्नाटा



रिसाली। चार प्रतिशत डी.ए. समेत अन्य मांगों को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर रहे। शुक्रवार की दोपहर कर्मचारी खाना की जगह चना-मुर्रा खाकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांगों को पूरा करने नारे भी लगाए। अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के तत्वाधान में नगर पालिक निगम के कर्मचारियों ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, 2019 से रुके डी.ए. का एरियस राशि जी.पी.एफ. फंड में डालने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर पंडाल में बैठे रहे। इस दौरान कर्मचारी नारे लगाए। अभियंता एम.पी. देवांगन, जयंत शर्मा, चन्द्रपाल हरमुख समेत प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, अध्यक्ष अमित चंद्राकर, महामंत्री अखिलेश वर्मा ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान निगम में सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालय में केवल प्लेसमेंट कर्मचारी ही नजर आए।

# 25 हजार 151 सदस्य बना कर रिकेश भाजपा विधायकों से निकले आगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन अब छत्तीसगढ़ में टॉप पर हैं। आपको बता दें कि युवा विधायक रिकेश सेन द्वारा सेल्फ अब तक लगभग 25 हजार से अधिक सदस्य बनाए जा चुके हैं, जो कि भारतीय जनता पार्टी में फिलहाल पूरे छत्तीसगढ़ के भाजपा विधायकों में शीर्षस्थ रेकार्ड है। भिलाई जिला संगठन में भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। भिलाई जिला में कुल 622 बूथ हैं, इस आधार पर लगभग 1 लाख 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं को मिला है जबकि इन्हीं बूथों पर भिलाई संगठन सवा लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त विधायकों को 10 हजार सदस्य बनाने और सांसद के लिए यह लक्ष्य 20 हजार का है। आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी में छत्तीसगढ़ के विधायकों को सदस्यता अभियान ने 10 हजार के लक्ष्य को अब तक वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू और नवागढ़ विधायक दयालदास बघेल ही पार कर पाए हैं जबकि नारायण पुर विधायक केदार कश्यप, भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा 10 हजार के लक्ष्य के नजदीक हैं। बसना विधायक संपत अग्रवाल, रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, कवर्धा विधायक विजय शर्मा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी, रामानुजगंज रामविचार नेताम, मुंगेली पुन्नूलाल मोहले, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम 5 हजार से अधिक सदस्य बना चुके हैं जबकि 3 से 5 हजार सदस्य बना चुके विधायकों में बिल्हा से धरमलाल कौशिक, अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, बलौदा बाजार टंक राम वर्मा, रायपुर ग्रामीण मोती लाल साहू, लोरमी से अरुण साव, राजनांदगांव डॉक्टर रमन सिंह, जशपुर रायमुनि भगत, भरतपुर सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह, पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, कुनकुरी विष्णुदेव साय शामिल हैं। 1 से 2 हजार सदस्य बना चुके विधायकों में जगदलपुर से किरण सिंह देव, बिलासपुर अमर अग्रवाल, बेलतरा सुशांत शुक्ला, प्रेम नगर भूलन सिंह मरावी, दुर्ग शहर गजेंद्र यादव, महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, बेमेतरा दीपेश साहू, तखतपुर धरमजीत सिंह, कांकेर आशाराम नेताम, कटघोरा प्रेमचंद पटेल, सामरी उधेश्वरी पैकरा, कोंडागांव लता उसेंडी शामिल हैं। भाजपा के ऐसे विधायक जो 25 सितंबर तक की रिपोर्ट में एक हजार से नीचे हैं उनमें रायपुर पश्चिम से राजेश मूणत, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, दंतेवाड़ा से चैतराम अटामी, साजा ईश्वर साहू, बैकुंठपुर भैयालाल राजवाड़े, मरवाही प्रणव कुमार मरपच्ची, चित्रकोट विनायक गोयल शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की विधानसभावार तुलना की जाए तो 1 सितंबर से आज तक कुरूद में लगभग 60 हजार सदस्य बन चुके हैं जबकि बिलासपुर में 48 हजार, बिल्हा और वैशाली नगर में 41 हजार, रायपुर पश्चिम, बसना 37 हजार, अंबिकापुर, रायगढ़, भटगांव, बलौदा बाजार और जांजगीर चांपा में लगभग 35 हजार सदस्य बन चुके हैं। भाजपा सदस्यता अभियान में 10 हजार से कम सदस्य अब तक बनाने वाली विधानसभा मोहला मानपुर, पाली तानाखार, मरवाही, चित्रकोट, बीजापुर, लुंड्रा, रामपुर और कोंटा हैं। रायपुर में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान वैशाली नगर के युवा विधायक रिकेश सेन की सराहना की। सेन ने उन्हें आश्वस्त किया कि सदस्यता अभियान में उनकी वैशाली नगर विधानसभा भी भाजपा सदस्यता अभियान में रिकार्ड प्रदर्शन करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित मंत्रीगण और भाजपा विधायकों ने सदस्यता अभियान में रिकेश सेन के परिश्रम को बेहतर बताते हुए उसे सभी कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय कहा एवं बधाई दी। कल रिकेश सेन 23 हजार से अधिक सदस्य बना चुके थे और शुक्रवार की शाम तक यह आंकड़ा 25 हजार पार हो गया है ।

# बच्चे हो सके निपुण इसलिए एफएलएन पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 28 सितंबर।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भाषा शिक्षण में संतुलित शिक्षण पद्धति व गणित शिक्षण में 5 प्रकार व्यवस्थित शिक्षण पद्धति का किया जा अनुसरणराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा निर्देशित बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मकता एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा हैं।

जिले भर में सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का प्रशिक्षण किया गया हैं जिसके आधार पर कक्षा-कक्ष की शिक्षण प्रक्रिया संचालित की जा रही हैं। इसी सन्दर्भ में सितम्बर माह के समीक्षा बैठक में पाटन विकासखंड के 5 जोन बालक पाटन,जामगांव आर,जनता भिलाई,सांकरा और बालक सेलूद में 57 संकुल के 209 शिक्षक और 31 संकुल अकादमिक समन्वयक शामिल रहें। समीक्षा बैठक के दौरान प्राथमिक शाला पतोरा में श्रीमति कविता देवांगन जी के द्वारा भाषा विषय की एक दिवस कार्य योजना का आदर्श प्रदर्शन किया गया7 बैठक में एस आर जी सुशील सूर्यवंशी,अंकेश्वर महिपाल , मुकेश साहू डी आर जी रुपेश साहू , टिकेश्वर साहू, खिलेश वर्मा ,युगेश साहू , पीतेंद्र देवांगन , महेंद्र बहादुर , मिताली चौधरी , श्रीमती रेणुका वर्मा लैंग्वेज × लर्निंग फाउंडेशन से कुलेश्वर साहू के द्वारा कक्षा - कक्ष के प्रिंट रिच वातावरण, मुस्कान पुस्तकालय, वर्ण/अक्षर की पक्की पहचान, उच्च स्तरीय चिंतन कौशल विकास , अंको/संख्याओं की श्क्ष्क्र रणनीति के उपयोग से पक्की पहचान,स्थानीय मान पर विस्तार से चर्चा किया गया7 भाषा में 26 व गणित में 25 सप्ताह की कार्ययोजना के अंतर्गत अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका और पाठ्य पुस्तिका का एलाइनमेंट, साप्ताहिक आंकलन पश्चात उपचारात्मक शिक्षण , विगत दो माह की चुनौती पर शिक्षकों व संकुल अकादमिक समन्वयकों के द्वारा कक्षा- कक्ष के अनुभव साझा किये गए उक्त समीक्षा बैठक में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री खिलावन चोपड़िया के द्वारा स्नस्रु मिशन के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए शाला व कक्षा अवलोकन में प्राप्त अपने स्वयं के अनुभव साझा किये और शिक्षकों को मार्गदर्शित किये कि कैसे हम व्यवस्थित शिक्षण शास्त्र का उपयोग करते हुए बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार कर सकते हैं 7 जोंन के समीक्षा बैठक में संकुल अकादमिक समन्वयक व स्स्न्र जिला कार्यक्रम प्रबंधक रामरतन मीणा के द्वारा भाषा व गणित शिक्षण के अनुभव , चुनौती और समाधान पर विस्तार से चर्चा किये7 बैठक में ब्लॉक अकादमिक समन्वयक हितेश सांग व कक्षा 1 से 3 तक अध्यापन करने वाले शिक्षक साथी उपस्थित रहें।

## सूने मकान से चोरी

**भिलाई,28 सितंबर।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र सूने मकान के छत की शीट तोड़कर बर्तन एलईडी टीवी सेटअप बाक्स और ब्रेकर मशीन सहित अन्य सामान चोरी था पुलिस ने शांति नगर डुंडेरा निवासी आरोपित व उनसे जब्त सामान पुलिस आरोपित कामेश्वर उर्फ विक्की मरकाम (28 साल ) और सलीम महिपाल (29 साल ) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने चोरी की बात स्वीकार की यह भी बताया कि शांति नगर डुंडेरा निवासी रितेश कुर्रे को चोरी के बर्तन को बेचने के लिए दिया है उनकी निशानदेही पर पुलिस ने तीसरे आरोपित से चोरी के सामान को बरामद किया तीनों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेजा है उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि ग्राम डुंडेरा निवासी नरेंद्र कुमार देवांगन ने अपने घर पर हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह 20 सितंबर की रात घर में ताला बंद कर माता-पिता के पास ग्राम जोरातराई गया था।

# तितली सम्मेलन का शुभारंभ,सांसद ने दिलाई स्वच्छता शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 28 सितंबर।** भोरमदेव अभ्यारण्य में दिनांक 27 से 29 सितम्बर तक होने वाले तितली सम्मेलन (Butterfly Meet 2024) का शुभारंभ आज दिनांक 27.09.2024 को आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा स्थित आडोटोरियम में हुआ है। वनमंडलाधिकारी कवर्धा शशि कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरमदेव अभ्यारण्य के परिक्षेत्रों में तितलियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में पंजीकृत प्रतिभागियों के द्वारा ग्रुप बनाकर भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र के चिन्हांकित ग्रामों में तितलियों सर्वेक्षण किया जायेगा। भोरमदेव अभ्यारण्य में तितलियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र एवं उसके समीप के ग्रामों में उपयुक्त स्थल एवं हितग्राहियों का चयन कर नेक्टर एवं होस्ट ट्री का रोपण किया जायेगा। नेक्टर ट्री तितलियों अपना भोजन प्राप्त करती है तथा होस्ट ट्री में अण्डा देती हैं। इस प्रकार दोनों पौधा के रोपण से तितलियों की संख्या एवं रहवास क्षेत्र में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर..भोरमदेव अभ्यारण्य का नवनिर्मित प्रतीक चिन्ह (ऑरेंज ओकलीफ तितली) के लोगो का विमोचन ।भोरमदेव अभ्यारण्य की भव्यता, सुन्दरता एवं जैव विविधता को प्रदर्शित करने हेतु वेबसाईट को विमोचन । तितली के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तितली तिहार किसाब का विमोचन। तितली तिहार किताब के विमोचन के अवसर पर बिरजू एवं देवगुण बैगा ग्राम तुरैयाबहरा को माननीय सांसद महोदय के द्वारा नेक्टर एवं होस्ट ट्री वितरित किया गया। कवर्धा के इको टूरिज्म स्थल को बढ़ावा देने जो यहां के ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक धरोहरों को प्रदर्शित करता है जिसमें 15 टेकिंग रूट की पहचान की गयी है, काफीटेबल बुक का विमोचन।

कवर्धा के टूरिज्म स्थल को बढ़ावा देने जो यहां के ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक धरोहरों को प्रदर्शित करता है, मानचित्र का विमोचन। तितली प्रेमी श्री गौरव निहलीन के द्वारा रचित भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य की तितलियां किताब का विमोचन। भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य की प्रमुख तितलिया उनकी व्यवहार को प्रदर्शित करता है, भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य की तितलियॉ फोर फोल्ड किताब का विमोचन। भारतीय डाक विभाग द्वारा तैयार किया गया आरेंज ओकलीफ एवं कमांडर तितली पर आधारित प्रिंटेड पिक्चर पोस्टकार्ड एवं कैन्सिलेशन कैचेट को विमोचन। भोरमदेव अभ्यारण्य में पदस्थ सीएफओ कौशल साहू, लक्ष्य द्वारा रचित जंगल म जिनगी कविता संग्रह किताब का विमोचन। स्वच्छता अभियान के तहत् सांसद महोदय के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति के बलबीर गजानंद के द्वारा ऑरेंज ओकलीफ तितली का लाईव पेंटिंग किया गया। कवर्धा शहर को हरा-भरा बनाने में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले हरितिमा समिति को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित करने वाले पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। बटरफ्लाई मीट कार्यक्रम को सफल बनाने बुक, बैनर, आदि डिजाईन करने वाले मेसर्स डिजिटल स्टोरी, दुर्ग को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।तितलियां के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष योगदान देने वाले भोरमदेव अभ्यारण्य के अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मनित किया गया। भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य पर एवं कबीरधाम जिले से संबंधित वीडियो का विमोचन। तितली सम्मेलन 2024 के मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय, सांसद, लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव एवं अध्यक्षता मान. श्रीमती सुशीला भट्ट, अध्यक्ष, जिला पंचायत कबीरधाम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती इंद्राणी अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, मनहरण कौशिक नपा अध्यक्ष, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, , काशीराम उइके, पार्षदगण, उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय जी के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह की तितली सम्मेलन कवर्धा में पहली बार हो रहा है। कवर्धा के लिये यह एक ऐतिहासिक पल है। इस पल में शरीक होना मेरा सौभाग्य है।इसके लिए उन्होंने वनमंडलाधिकारी, कवर्धा को बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला सीईओ संदीप अग्रवाल, , बी.एल. जांगड़े, प्रवर अधीक्षक, डाकघर, दुर्ग संभाग, शशि कुमार, वनमंडलाधिकारी, कवर्धा, हरितिमा समिति कवर्धा, पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया, स्कूल के विद्यार्थीण गण,, समस्त उप वनमंडलाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित थे।

## आरडीसी परेड के लिए स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ



**भिलाई, 28 सितंबर।** कर्तव्य पथ दिल्ली पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाले आरडीसी परेड हेतु प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय में स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है इसी क्रम में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें दुर्ग जिले के इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो कि स्वयं सेविका कुमारी काजल निषाद जो की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है , दुर्ग जिले के जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में चयनित हुई है , विश्वविद्यालय स्तर पर चयन प्रतियोगिता में यह स्वयं सेविका सम्मिलित होने जा रही है।

जिसके लिए वैशाली नगर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती अलका मेश्राम, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर श्रीमती चांदनी मरकाम के साथ महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है एवं उसकी उज्जवल भविष्य की कामना भी करते हैं।

## डिप्टी रेंजर पर जानलेवा हमले को लेकर चन्द्रनाहू युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज आक्रोशित



**कवर्धा, 28 सितंबर।** कबीरधाम जिले के पंडरिया में वन विकास निगम के अन्तर्गत डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ गणेश चन्द्रवंशी के ऊपर 23/24 सितम्बर 2024 के दरम्यानी रात ड्यूरी के दौरान लाठी डंडा एवं अन्य धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दौड़ा दौड़ाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। जिसको लेकर समस्त कुर्मी समाज में आक्रोश व्याप्त है, मामले को लेकर आज कवर्धा राज के युवा अध्यक्ष वीरेंद्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में समाज के युवाओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कड़ा आपत्ति जताते हुए आरोपियों के खिलाफ त्वरित रूप कार्यवाही करने की मांग किया गया वहीं दो दिनों के भीतर मांग पूरी नही होने पर कुर्मी समाज द्वारा सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नवपदस्थ एसपी राजेश अग्रवाल ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं छत्तीसगढ़ युवा सर्व कुर्मी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने इस मामले के सभी आरोपियों के खिलाफ लूटपाट एवं अपहरण जैसे गंभीर धाराओं के तहत कड़ी कारवाई करने की मांग करते हुए दो दिवस के भीतर कार्रवाई नही किया गया तो समाज द्वारा सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया गया।पुलिस को ज्ञापन सौंपने के दौरान विनोद चंद्रवंशी, कैलाश चन्द्रवंशी, दीनानाथ चन्द्रवंशी,संदीप चन्द्रवंशी, बद्री चन्द्रवंशी, डॉक्टर आदित्य चन्द्रवंशी, अनिल चन्द्रवंशी, उत्तम चन्द्रवंशी, अजय चन्द्रवंशी, दिलीप चन्द्रवंशी, उत्तम चन्द्रवंशी, रमन चन्द्रवंशी, आशीष चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी एवं सूर्यप्रकाश चन्द्रवंशी उपस्थित रहे।

## अहिवारा में सज रहा माता रानी का दरबार

**अहिवारा,28 सितंबर।** लाल मैदान अहिवारा में मां अनंता उत्सव समिति के द्वारा लगातार चौथे वर्ष भी सज रहा है भव्य रूप से माता रानी का दरबार । समिति के अध्यक्ष अमन सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मीना बाजार, झूला, दुकानों के स्टॉल, प्रति दिवस रास गरबा डांडिया, आर्केस्ट्रा, कवि सम्मेलन, कव्वाली, एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समिति के द्वारा रखा गया है। एवं इस वर्ष विशेष रूप से शहनाज अख्तर का कार्यक्रम लाल मैदान में 4 अक्टूबर को रात्रि 10 बजे से रखा गया है जिसके आयोजक विजय साहू है।

# प्रिज्म संस्थान में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे और इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 28 सितंबर।** दिनांक 25/9/2024 को प्रिज्म संस्थान के फार्मेसी विभाग के द्वारा वर्ल्ड फर्मासिस्ट डे और इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन फार्मेसी प्राचार्य सीमा कश्यप मैडम के मार्गदर्शन में फार्मा फैकल्टी सागर शर्मा और गुरदीप शर्मा ने किया द्यजिसमे मुख्य अतिथि के रूप में संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता तथा अतिथि के रूप डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू , असीम साहू और प्राचार्य डॉ अंजना शरद उपस्थिति थी । कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ । तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत तुलसी प्लांट पॉट देकर किया गया द्य इस अवसर पर प्रिज्म संस्था प्रमुख श्री रूपेश सर ने उपस्थिति सभी विद्यार्थियों का स्वागत संबोधन करते हुए बताया कि, वर्ल्ड फार्मेशिट डे महादेव लाल श्रॉफ के सम्मान में मनाया जाता है जिन्हे फार्मेशिट का जनक कहा जाता हैं।चेयरमैन सर ने बताया कि फर्माशिट का महत्व हमे कोविड - 19 के समय समझ में आया कि, किस तरह ये मानव जीवन की रक्षा करते हैं और एलोपैथी,होम्योपैथी, आयुर्वेद और नचरोपैथी सभी में फार्मेशिट का महत्वपूर्ण योगदान है साथ ही उन्होंने ने चरक संहिता से लेकर धनवंतरी चिकित्सा तक फार्मेशिट के योगदान को बताया और प्रिज्म संस्था के हर्बल गार्डन से भी अवगत कराया । तत्पश्चात संस्था की डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और बताया कि आज के दिन वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के साथ नए स्टूडेंट का इंडक्शन प्रोग्राम भी मनाया जा रहा है अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि, फार्मासिस्टों की भूमिका सिर्फ दवाएं बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे मरीजों को उनकी सेहत के बारे में सलाह देते हैं और उनकी सेहत की रक्षा करते हैं।और यदि आप केवल बीमार व्यक्ति की समस्या को सावधानी से सुन भी लेते है तो उनकी आधी बीमार ऐसे ही ठीक हो जाती है द्य तत्पश्चात संस्था के निर्देशक श्री असीम साहू सर ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को यह आश्वासन दिलाया की डिप्लोमा इन फार्मेसी के इन दो सालों में यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो वे बिना किसी संकोच के सर से किसी भी समय मिल सकते है और एक मार्गदर्शक, या बड़े भाई की तरह उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा द्य इसी कड़ी में असीम सर ने कहा कि, नचरोपैथी हमारे प्रिज्म के हरे भरे प्रांगण में ही उपलब्ध है । और प्रोत्साहन पूर्ण संबोधन में उन्होंने स्टूडेंट को बताया कि अध्ययन इस प्रकार करो की जब आप स्वयं का व्यवसाय करे , तो लोग उन्हें प्रिज्म के विधार्थी के रूप में जाने द्य प्रिज्म संस्था के एजुकेशन विभाग की प्राचार्य डॉ अंजना मैडम ने अपने भाषण में सभी का विद्यार्थियों का स्वागत और मंचस्थ सभी गणमान अतिथियों का अभिवादन किया और बताया कि जिस प्रकार साल्ट और कैमिकल के कॉम्बिनेशन से मेडिसिन बनाया जाता है उसी प्रकार, आज के इस कार्यक्रम में वर्ल्ड फार्मासिस्ट और इंडक्शन प्रोग्राम दोनो का कॉम्बिनेशन देखने को मिल रहा है । अंजना मैडम ने मैग्नेटो थेरेपी के बारे में भी बताया । संबोधन की इस कड़ी में फार्मा विभाग की प्राचार्य श्रीमती सीमा कश्यप मैडम ने सभी विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक दो साल की एकेडमिक और नॉन एकेडमिक गतिविधियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया द्य तथा वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के अवसर पर विद्यार्थियों को सपथ दिलाई द्य और साथ ही उन्होंने बताया कि डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन से लेकर पसेंट के ट्रीटमेंट तक की बीच की कड़ी फार्मासिस्ट है । तत्पश्चात नवप्रवेशित विद्यार्थियो ने पंजाबी फ्यूजन डांस के द्वारा समा बांधा । इसके उपरांत मैनेजमेंट फैकल्टी देशना मैडम ने सभी विद्यार्थियों उनके परिचय के उपरांत (पिक द बॉल और गेस व्हाट ) गेम खिलाया द्य कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार और स्टूडेंट फीडबैक के द्वारा किया गया । संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन मैनेजमेंट विभाग की फैकल्टी निधि साहू ने किया ।

## निधन

### पुरषोत्तम वलेचा



**भिलाई, 28 सितंबर।** कोई व्यक्ति जीते जी अपने परिचित की आर्थिक एवं अन्य तरीके से मदद कर अपनी अलग पहचान बनाता है। परंतु मृत्यु के बाद कोई व्यक्ति किसी के काम आ सके कम ही देखने को मिलता है। ऐसा उदाहरण आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य पुरषोत्तम वलेचा निवासी एच आई जी 4 विश्व बैंक कॉलोनी कुरुद ने दी। जिनका निधन 26/09/24 को हो गया।उनकी इच्छानुसार उनकी मृत्यु के उपरांत नेत्रदान करने का निर्णय वलेचा परिवार ने लिया।एक व्यक्ति की आंख से दो व्यक्ति परिवार में खुशहाली आएगी। दिवंगत पुरषोत्तम वलेचा भौतिक रूप से चाहे इस दुनिया से चले गए हो लेकिन नेत्रदान के बाद दूसरे व्यक्ति से इस संसार को देखते रहेंगे। वलेचा परिवार के इस फैसले से आदर्श सिंध ब्रादर मंडल ने भूरी भूरी प्रशंसा की। दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका नेत्रदान समाज सेवा की दिशा में अनुकरणीय पहल है। वे गोपी चंद, कमल वलेचा के भाई, विनय वलेचा के पिता, आकाश, सागर, अभिषेक के चाचा थे।

एक नजर

## सामान्य सभा को बना दिया गया है मजाक: दुबे

रायपुर,28 सितंबर ,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि 7 माह बाद होने वाली नगर निगम की सामान्य सभा को नगर निगम के महापौर और उनकी परिषद ने मजाक बना कर रख दिया है , पहले 3 अक्टूबर की तिथि समान्य सभा की घोषित कर एजेन्डा जारी कर पार्षदों को भेजा जाता है। फिर सामान्य सभा की तिथि बदल कर 4 अक्टूबर किया जाता है । आज पुन: पूर्व में जारी किए गए एजेण्डे क्रमांक 32 को विलोपित कर 31 एजेण्डे की संशोधित सूची पार्षदों को भेजी जाती है । भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि एक बार एजेन्डा जारी किया गया तो फिर उन सभी एजेंडों पर चर्चा 4 अक्टूबर को नगर निगम के सदन में होनी चाहिए । भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे सदन में इस फेरबदल पर सभापति प्रमोद दुबे से सदन में जवाब मांगा चाहेंगे। यह भी जानना चाहेंगे कि एक बार नगर निगम की तिथि और एजेण्डा घोषित कर पार्षदों को वितरित कर देने के बाद नगर निगम की किस धारा / नियम के तहत तिथि और एजेण्डे को बदला गया । जो अब तक नगर निगम के इतिहास में नही हुआ वह पहली बार अब हो रहा है इस पर सदन में जवाब मांगा जाएगा।

## छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए

छुरिया,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। खुज्जी छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर एक बार फिर कांग्रेस सरकार को घेरने की तैयारियों जुट गई है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 27 सितंबर से कांग्रेस की 6 दिवसीय न्याय यात्रा की शुरुआत हुई जिसमें खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू सोनाखान शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा में माल्या अर्पण किया एवं बाबा गुरु घासीदास जी की तपोभूमि गिरोधपुरी से शुरू होकर करीब 125 किलोमीटर की यात्रा तय कर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के दिन राजधानी रायपुर के गांधी चौक पहुंचेगी इस दौरान गांधी मैदान रायपुर में विशाल आम सभा के साथ समाप्त होगी खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू ने कहा इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के बिगड़ती कानून व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाना है उन्होंने बताया कि हाल के समय में हूई हत्या लूटपाट डकैती की घटनाओं ने आम जनता में भय पैदा कर दिया है इस यात्रा के दौरान कांग्रेस के नेता जन सामान्य और विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात करेंगे।



## छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में राजनांदगांव कांग्रेसी हुए शामिल

राजनांदगांव,,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।। यह ऐतिहासिक यात्रा छत्तीसगढ़ की जनता के हक की लड़ाई के लिए है, जिसमें भाजपा सरकार की नाकामियों को जन तक पहुंचाया जाएगा। कुशासन, अपराध, अन्याय,दमन, भ्रष्टाचार, बेरोजगार के खिलाफ आवाज बुलंद करने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा पद यात्रा 27 सितंबर को गिरौदपुरी परम पूज्य गुरु घासीदास जी गद्दी के पुजा



अर्चना प्रारंभ किया गया है। राजनांदगांव विधानसभा ग्रामीण ब्लाक कार्यकारणी अध्यक्ष रोहित चन्द्राकार जी के नेतृत्व में गिरोधपुरी धाम से कसडोल तक जिलाध्यक्ष अनु सूचित जाति कांग्रेस गोपीचंद गायकवाड़,महामंत्री जिला किसान कांग्रेस योगेंद्र दास वैष्णव , महामंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग कांग्रेस चुमन निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी हेमशंकर साहू, सेक्टर प्रभारी तेजेन्द्र वैष्णव, सरपंच लिटिया कृष्ण भारती पुर्व सरपंच भगवती मरकडेय , मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र साहू वरिष्ठ कांग्रेसी डां बृज दास शामिल हो कर पदयात्रा किया।

## कोरिया में अमरोहित देंगे अभ्यार्थियों को टिप्स

रायपुर ,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।



कोरिया जिले के प्रशासनिक जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में दो दिवसीय कोरिया साहित्य महोत्सव आयोजित है। कोसम नाम से आयोजित साहित्य के इस महाकुंभ में राज्य भर के साहित्यकार शिरकत कर रहे हैं। इस आयोजन में रविवार को तीन घंटे का विशेष सत्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित है। इस विशेष सत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तकों के प्रमाणिक लेखक डॉ. गीतेश अमरोहित युवाओं को मार्गदर्शन देंगें। सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी कब से करें, कैसे करें, इस परीक्षा में क्या चुनौतियां हैं, जैसे विषय पर डॉ. अमरोहित विस्तार से प्रकाश डालेगें। डॉ. गीतेश अमरोहित ने राजधानी रायपुर के मेकाहारा अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद अब पूर्णरूपेण लेखन कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन कोरिया और अभिव्यक्ति फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस साहित्य महोत्सव में युवा अभ्यार्थियों के लिए सवाल-जवाब का विशेष सत्र भी रखा गया है, जिसमें अभ्यार्थी अपनी समस्या सीधे डॉ. अमरोहित से पूछकर, समाधान प्राप्त कर सकेगें। अपनी तरह के इस विशेष आयोजन को लेकर राज्य के युवा अभ्यार्थियों में खासा उत्साह है।

# छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिवर्ष राज्योत्सव में मिलेगा पुरस्कार

रायपुर,28सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय यहां नवा रायपुर के एक निजी होटल में विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केटप्लेस कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने आगामी वर्ष से राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केटप्लेस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ टूरिस्म बोर्ड और छत्तीसगढ़ ट्रेवल ट्रेड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश के पर्यटन विभाग का सूत्रवाक्य अतिथि देवो भवः है। इस कार्यक्रम में जुटे सभी अतिथियों का मैं इसी भाव से अभिनंदन करता हूँ। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर आज छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशन द्वारा सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस कार्यक्रम का सुंदर आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी ने इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अपने सुंदर विचार रखे। छत्तीसगढ़ में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आपके उपयोगी सुझावों पर विचार कर हम इन्हें अमल में लाएंगे।यह हमारे लिए बहुत गौरव की बात है कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने इस साल देश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांवों की सूची में हमारे बस्तर के ढुड़मारास गांव को एडवेंचर टूरिज्म तथा चित्रकोट गांव को कम्युनिटी बेस्ट गांव की सूची में पहला स्थान दिया। सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव की सूची में सरोधादादर को जगह मिली है। विश्व पर्यटन संगठन द्वारा इस वर्ष की थीम, पर्यटन एवं शांति निर्धारित की गई है। वैश्विक स्तर पर संघर्ष और विभाजन के माहौल में इस थीम की बहुत प्रासंगिकता है। शांति के साथ सतत विकास की दिशा में सामाजिक और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में पर्यटन की



भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

पूरी दुनिया में सतत एवं रिस्पांसिबल टूरिज्म पर जोर दिया जा रहा है ताकि हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी निरंतर ठोस कदम बढ़ा सकें। बस्तर में टूरिज्म बढ़ेगा तो प्राकृतिक सुंदरता को भी सहेजने में मदद मिलेगी। इससे हजारों लोगों के आजीविका का अवसर भी पैदा होगा। हमारा राज्य ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहरों के साथ गौरवशाली प्राचीन लोक संस्कृति का भी अद्वितीय उदाहरण है। देश के ऐसे बहुत कम राज्य हैं जो कि प्रकृति द्वारा इतने समृद्ध हैं जितना कि हमारा छत्तीसगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य का एक बड़ा भाग सघन वनों से घिरा हुआ है। शानदार जलप्रपातों से लेकर मुग्ध कर देने वाले वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान तक आप जिस भी आकर्षण के बारे में सोचेंगे वह सब आपको छत्तीसगढ़ में देखने को मिलेगा। राज्य में पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से स्थानीय समुदाय को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे है। हमारी कोशिश है कि पर्यटन को स्थानीय गतिविधियों और अनुभव के साथ जोड़कर रोजगार के अवसरों को और अधिक विस्तारित किया जाए। छत्तीसगढ़ राज्य में प्राकृतिक रुप से वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, एग्री टूरिज्म, मेडिकल टूरिज्म, रुरल टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, वॉटर टूरिज्म आदि की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार एवं अधोसंरचना विकास के लिए लाई गई प्रसाद योजना के माध्यम से मां बम्लेश्वरी का तीर्थ डोंगरगढ़ नये सिरे से सज संवर रहा है। ट्राइबल टूरिज्म सर्किट के अंतर्गत तेरह टूरिस्ट डेस्टिनेशन में ईको एथनिक पर्यटन की थीम पर पर्यटन सुविधा विकसित की गई है।छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा चित्रकोट बस्तर में वन विभाग के सहयोग से नेचर ट्रेल का विकास किया गया है। इसका संचालन स्थानीय महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। इससे उन्हें आजीविका भी मिल रही है। हम राज्य में पांच शक्तिपीठ को जोड़ते हुए सर्किट विकसित कर रहे हैं। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत बिलासपुर और जगदलपुर डेस्टिनेशन के पर्यटन स्थलों का विकास होगा।

# कल्लूबंजारी बेरियर में कार्यरत तोपराव बावनथड़े निलंबित

**तरूण छत्तीसगढ़ की ख़बर का असर**

छूरिया,28 सितंबर। छूरिया वन परिक्षेत्र बागनदी के अंतर्गत ग्राम कल्लूबंजारी अंतरराज्यीय हाईटैक बेरियर में कार्यरत भृत्य तोपराव बावनथड़े के विरुद्ध परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं वायरल विडियो प्रकाश में आने के आधार पर उनके द्वारा निष्ठापूर्वक कार्य नहीं कर कार्य के प्रति लापरवाही बरतने तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 नियम -3 का प्रथम दृष्ट्या उलंघन पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विगत दिनों अंतर्राज्यीय हाईटैक बेरियर कल्लूबंजारी में कार्यरत भृत्य तोपराव बावनथड़े द्वारा ट्रकों से अवैध वसूली करते हुए विडियो प्रकाश में आया था। इस पर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए कल्लूबंजारी बेरियर पहुंच कर एक बिन्दुओं पर बारिकी से पड़ताल कर जांच प्रतिवेदन वनमंडल अधिकारी राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अवैध वसूली करते वायरल विडियो के आधार पर वन मंडल अधिकारी राजनांदगांव के द्वारा अंतर्राज्यीय हाईटैक बेरियर कल्लूबंजारी में कार्यरत भृत्य तोपराव बावनथड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



# स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

राजनांदगांव 28 सितम्बर। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत 27 व 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर तक आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में आज गांधी सभागृह में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक कराया जाना है, निर्देश के क्रियान्वयन के तहत नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधिया आयोजित कर लोगों से स्वच्छता अपनाने, साफ सफाई से जुडने अपील की जा रही है। इसी तारतम्य में 27 व 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर तक सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर आयोजित करने की कडी में आज गांधी सभागृह में जिला चिकित्सालय एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से लगभग 200 सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, इसके अलावा पंजीयन शिविर में श्रम विभाग की



योजनाओं तथा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना, आवास योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड जैसे अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों को लाभ देने पंजीयन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर को भी किया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर आयोजित स्वच्छता पखवाडा में शहर को कचरा मुक्त करने, कचरा पृथककरण, साफ सफाई के संबध में लोगों को समझाईस दिया जा रहा है, साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, उद्यानों आदि में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# कलेक्टर ने नवरात्रि पर दुर्गा उत्सव समितियों की ली बैठक

- **दुर्गा उत्सव समितियों ने स्वतः ही डीजे का संचालन नहीं करने का लिया निर्णय**
- **समितियों ने पारंपरिक और धार्मिक तरीके से क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाने का लिया निर्णय**
- **नवरात्रि पर्व के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पृथक से अनुमति लेना होगा अनिवार्य**




राजनांदगांव 28 सितम्बर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने क्वांर नवरात्रि पर्व के संबंध में दुर्गा उत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। बैठक में सभी दुर्गा उत्सव समितियों ने स्वतः डीजे का संचालन मूर्ति स्थापना, गरबा, विसर्जन सहित नवरात्रि पर्व के दौरान अन्य आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया है। समितियों ने पारंपरिक तरीके से नवरात्रि पर्व मनाने का निर्णय लिया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समितियों द्वारा डीजे का उपयोग नहीं करने के निर्णय का स्वागत किया और अच्छे माहौल एवं वातावरण में नवरात्रि पर्व मनाने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व में समितियों द्वारा डीजे नहीं बजाने का यह निर्णय बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम होते रहे और लोगों को भी तकलीफ नहीं हो यह ध्यान रखें, जिससे व्यवस्थाएं अच्छी बनी रहेगी।

कलेक्टर ने कहा कि संस्कारधानी का नाम एक-दो साल से नहीं बना है, बल्कि यह बहुत पुराना है। 100 साल पहले संस्कारधानी नाम पड़ा है। पूर्वजों ने जो मेहनत, सोच और समझकर जो इस शहर में शुरूआत की है, जिसके कारण इस शहर का नाम संस्कारधानी पड़ा है। शहर में अभी भी कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन होते रहते हैं और सभी मिलजुलकर आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के समय बहुत सारी समितियों ने बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व के 9 दिन आयोजन होता है और साथ में गरबा एवं विसर्जन का भी आयोजन होता है, उसे धार्मिक तरीके से और बहुत अच्छे वातावरण में सभी के सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आयोजन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पृथक-पृथक अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने दुर्गा उत्सव समितियों से कहा कि ऐसा कार्य करें, जिससे अन्य लोगों को तकलीफ एवं दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरबा के लिए साउंड सिस्टम का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप रात्रि 10 बजे तक कर सकते हैं। शहर में गरबा के आयोजन के देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से बच्चे, बुजुर्ग, बीमार व्यक्तियों, प्रसूति माताओं के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है। उन्होंने निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही साउंड सिस्टम संचालित करने कहा। उन्होंने गरबा को धार्मिक और सामाजिक तरीके से आयोजन करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, राजनांदगांव शहर के थाना प्रभारी सहित दुर्गा उत्सव समिति के श्रीमती शारदा तिवारी, श्री सूरज बुद्धदेव, न्यू सिविल लाईन दुर्गा उत्सव समिति, श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति दुर्गा चौक, नवयुवक दुर्गात्सव समिति चांदनी चौक चिखली, संस्कारधानी गरबा उत्सव शिवनाथ वाटिका, सिंधु गरबा उत्सव समिति, कृष्ण दुर्गा उत्सव समिति, श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज, श्री लोहाणा महाजन, श्री पाटीदार समाज, श्री गंज मंडी दुर्गात्सव समिति, लॉयन क्लब राजनांदगांव, 18 एकड़ पुराना पुलिस लाईन दुर्गा उत्सव समिति एवं अन्य दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# ज्ञानेश शर्मा ने स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ दिलवायी

रायपुर,28 सितंबर। आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा राजधानी शहर के हिन्द स्पोर्टिंग मैदान ईदगाह भाठा में सफाई श्रमदान कर कचरा उठाकर नगर निगम एमआईसी सदस्य श्री ज्ञानेश शर्मा श्री जितेन्द्र अग्रवाल, जोन 5 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन कार्यपालन अभियता श्री रधुमणी प्रधान, जोन कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, श्री नागेश रामटेके, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन श्री योगेश कडु, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा, गणमान्यजनों, आमजनों, निगम जोन 5 अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छता कायम कर जन-जन को स्वच्छ मैदान का सकारात्मक संदेश दिया गया। एमआईसी सदस्य श्री ज्ञानेश शर्मा ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ



दिलवायी । जनप्रतिनिधियों ने गणमान्यजनों एवं आमजनों सहित अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मिलकर हिन्द स्पोर्टिंग मैदान की झाड़ू लगाकर सफाई की एवं कचरा उठाकर स्वच्छता कायम की । नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग द्वारा एयर सक्शन मशीन जटायु की सहायता से हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में पॉलीथीन कचरा साफ किया गया।

# इंदिरा सरोवर में स्वच्छता श्रमदान

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 28 सितम्बर। स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा के लिये नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता से जुडने अपील की जा रही है। स्वच्छता अभियान में शहर में सफाई अभियान के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसमें सामाजिक संस्था, महिला समूह के अलावा स्कूल के विद्यार्थी जुडकर स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। स्वच्छता अभियान में तालाबों की साफ सफाई के तहत आज इंदिरा सरोवर भरकापारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में सामाजिक संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधिया के पदाधिकारी तथा महिला समूह के अलावा निगम के अधिकारी कर्मचारी व स्वच्छता दीदी तालाब के किनारे कटिली



झाडिया, खरपतवार काटकर, झिल्ली पन्नी उठाकर साफ सफाई किये और तालाब एवं मंदिर के आस पास कचरा न डालने, कचरा डस्टबिन में डालने, साफ सफाई रखने वहा निवासरत लोगों समझाईस दिये। स्वच्छता अभियान के अंत में स्वच्छता के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके ने स्वच्छता अपनाने, स्वभाव में स्वच्छता लाने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, शपथ दिलाई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पर्यावरण संरक्षक गतिविधि के पदाधिकारी, महिला समूह एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# गर्भवती माताओं का पंजीयन, शिशु टीकाकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो : कलेक्टर

,28सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 28 सितम्बर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने छुरिया विकासखंड में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं आने वाले स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों को कार्य में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, गर्भवती माताओं का पंजीयन, टीकाकरण, गैर संचारी रोग कार्यक्रमों की स्क्रीनिंग, चिरायु, पोषण पुनर्वास केंद्र, कुष्ठ, रक्त अल्पता, सीकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सभी कार्यक्रमों की उप स्वास्थ्य केंद्रवार समीक्षा की। शून्य से चालीस वर्ष के सभी लोगों की सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग करने की केन्द्रवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर चिकित्सक, सहयोगी स्टाफ तथा मैदानी अमले की उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए। स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई नियमित रूप से होना चाहिए। उन्होंने नियमित रूप से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की पोर्टल में डाटा एंट्री भी सुनिश्चित करने कहा। जिससे दी गई सेवाओं का ऑनलाइन प्रविष्टि से डाटा अपडेट हो सकें। सेक्टर बैठकों में सभी अमले उपस्थित होकर सभी कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करें। कलेक्टर ने आगामी एक माह में सभी कार्यक्रमों में प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर सर्व संबंधितों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों में राज्य, जिले, विकासखंड के औसत अनुसार प्रगति किसी भी केंद्र की कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्रुप बनाकर सभी को जानकारी देने कहा। सभी पात्र हितग्राही का आयुष्मान कार्ड घर-घर जाकर कार्ड बनाया जाए, जिसकी सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण प्राप्त करने हेतु सभी केन्द्रों के कर्मचरियों को कार्ययोजना बनाकर प्रमाणीकरण प्राप्त करने कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिन केंद्रों के कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बेहतर कार्य किया है, उन्हें प्रोत्साहित किया गया एवं इसी तरह गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सभी कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने कहा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने कहा कि स्वाइन फ्लू की निगरानी सभी स्तर में हो इसकी विशेष निगरानी किया जाए। डायरिया के प्रकरण की विशेष निगरानी तथा सूचना तंत्र को मजबूत करने मितानीन से त्वरित संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुष्मान हेल्थ शिविर प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जाए। जिसमें गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग ज्यादा से ज्यादा लोगों की जाय। स्कूल आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शत-प्रतिशत हो। चिरायु टीम निर्धारित स्कूल में समय पर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए गये। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार, बीएमओ डॉ. ओमेष भगत, जिला प्रबंधक डाटा श्री अखिलेश चोपड़ा, सभी जिला सलाहकार, चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थित थे।

# गौ संरक्षण के प्रति संजीदा हो सिस्टम : अनिकेत कृष्ण शास्त्री

रायपुर,28 सितंबर। राजधानी में महाराज जी ने मीडिया से रूबरू होते हुए सिस्टम पर कड़ा प्रहार किया। गौ हत्या की नियमित बढ़ोतरी पर हुंकार लगाते हुए महाराज जी ने कहा आजादी के समय देश में 78 करोड़ गौ की संख्या थी और देश की कुल संख्या 30 करोड़ थी लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि अब देश की संख्या जहां 150 करोड़ हो चुकी है लेकिन गायों की संख्या 19 करोड़ बची हुई है। उन्होंने आगे कहा अब तक की जितनी भी सरकारें देश की सत्ता पर काबिज़ हुई सभी ने बढ़ती गौ हत्या के प्रति अपनी संवदेना को दरकिनार किया। आज गौ सेवकों की जान खतरे में है, वो सुरक्षित नहीं है, भय के माहौल में है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है ? जब पत्रकार साथी ने सवाल पूछा की महाराज जी तिरुपति बालाजी मंदिर में बनने वाले लड्डू के लिए जो घी का निर्माण होता उसमें गाय की चर्बी मिली इसपर आप क्या कहेंगे? महाराज जी ने साफ कहा जो भी आरोपी है उनको तत्काल दंडित करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, हम गौ हत्या के खिलाफ आवाज़ उठाने के साथ-साथ ही आदरणीय प्रधानमंत्री से इस संदर्भ में पत्राचार किया है और वहां से मुहर लग के हमको ये आश्वासन मिला है की जल्द जी प्रधानमंत्री जी से आपकी वार्ता कराई जाएगी। कर्म और धर्म की प्रधानता के प्रश्न में उन्होंने कहा कि धर्म और कर्म में प्रधान धर्म है आप बिना धर्म के जो भी कर्म करेंगें वो सफल नहीं होगा। देश में बढ़ते पाखडियों बाबाओं पर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा हमारे यहां तो महज 11 लौंग से लोगों की समस्या को दूर किया जाता है।

संपादकीय

## ज्यादा उत्पादन ज्यादा खरीदी ठीक है....

राज्य में किसान शुरू से बाकी फसलों की तुलना धान का उत्पादन ज्यादा करते रहे है।इसलिए राज्य की मुख्य फसल का दर्जा शुरू से धान को मिला हुआ है।पहले धान की कीमत कम मिला करती थी,इसलिए धान की खेती को घाटे का सौदा माना जाता था। राज्य की राजनीति में किसान का महत्व बढ़ने पर राजनीतिक दलों ने धान की कीमत भी बढ़ाई है और पहले से ज्यादा हर साल धान की खरीदी भी की है। इससे किसानों को धान का सबसे ज्यादा दाम राज्य में ही मिल रहा है। चाहे रमन सिंह का समय हो, भूपेश बघेल का समय हो या विष्णुदेव साय का समय हो किसानों का ज्यादा खरीदने के साथ ही उनको ज्यादा पैसा देने का पूरा प्रयास किया गया है। राज्य में जो किसानों का साथ देता है, किसान उसका साथ देते हैं और किसान जिसका साथ देते हैं,राज्य में सरकार भी उसकी ही बनती है।रमन सिंह ने ज्यादा धान खरीदा, ज्यादा पैसा दिया तो रमन सिंह की सरकार राज्य में सबसे ज्यादा समय यानी पंद्रह साल रही।भूपेश बघेल ने चुनाव में रमन सरकार से ज्यादा पैसा देने का वादा किया तो 18 के चुनाव में किसानों ने भूपेश बघेल का साथ दिया और उनकी सरकार राज्य में बनी । पांच साल मे भूपेश बघेल को वहम हो गया या अहंकार आ गया कि राज्य में किसानों को वह सबसे ज्यादा पैसा दे रहे हैं, सबसे ज्यादा धान खरीद रहे हैं तो उनसे ज्यादा धान की कीमत कोई नहीं दे सकता,उनसे ज्यादा किसानों का धान कोई खरीद नहीं सकता।भाजपा ने चुनाव में किसानों को भूपेश सरकार से ज्यादा पैसा और ज्यादा धान खरीदने का वादा किया,बकाया बोनस देने का वादा किया और किसानों ने भाजपा का साथ दिया। पिछले साल सीएम साय ने 3100 रुपए में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा।राज्य में औसतन प्रति एकड़ धान का उत्पादन 18 से 20 क्विंटल होता है, इसलिए किसानों अपना पूरा धान सोसायटी में ही बेचते हैं, इससे उनको पहले की तुलना मे ज्यादा पैसा मिल रहा है।छह साल पहले 2017-18 में 56.88 लाख टन की धान की खरीदी हुई थी।23-24 में यह बढ़कर 144.92 लाख टन हो गई है यानी तीन गुना ज्यादा धान की खरीदी हो रही है।पंजीकृत किसानों की संख्या 2017-18 में 1577332 थी जो 23-24 में बढ़कर 2685000 हो गई है। धान का रकबा 17-18 में 2446546हेक्टेयर था जो 23-24 में बढ़कर 3351000 हो गया है।हर साल किसानों की संख्या, धान की खरीदी व धान का रकबा बढ़ता जा रहा है। माना जा रहा है कि इस खरीफ सीजन में प्रदेश में रिकार्ड 180 लाख टन होने का अनुमान है। इसके एवज में किसानों की जेब में 50 हजार करोड़ आएंगे।पिछले साल सरकार ने 130 लाख टन खरीदी का लक्ष्य तय किया था लेकिन धान की खरीदी 144,92 लाख टन की गई थी। यानी 14 लाख टन धान की खरीदी ज्यादा की गई थी।इस बार 180 लाख टन की खरीदी का अनुमान यानी 36 लाख टन धान की ज्यादा खरीदी होगी। माना जाता है कि हर साल किसानों की संख्या कम से कम एक लाख तो बढ़ती ही है। यानी इस बार एक लाख ज्यादा किसानों ज्यादा धान बेंचेंगे और उनको ज्यादा पैसा मिलेगा। इससे निश्चित रूप से किसानों की आर्थिक हालत और सुधरेगी। सरकार किसानों का ज्यादा धान खरीदे यह अच्छी बात है। साथ ही उसे जो धान खरीदा गया है , उसकी कस्टम मिलिंग व रखरखाव की भी अच्छी व्यवस्था की जानी चाहिए। ताकि किसानों को जो धान खरीदा गया है, वह खराब न हो। उसका राज्य और देश में सदुपयोग हो।भूपेश बघेल के समय से सरकार की कोशिश होती है कि वह पिछली बार से ज्यादा धान खरीदे भले ही उतना धान सुरक्षित रखने की व्यवस्था न हो। यही सिलसिला साय सरकार के समय भी जारी है यदि साय सरकार 36 लाख टन धान ज्यादा खरीदने की सोच रही है तो उसके रखने की व्यवस्था के बारे में सोचना चाहिए और इंतजाम करना चाहिए। किसानों का दाना-दाना खरीदना बहुत ही अच्छी बात है लेकिन किसानों के दाने-दाने का सदुपयोग हो तो यह किसानों को भी अच्छा लगेगा और राज्य के लोगों को भी अच्छा लगेगा।

साजिश

मनोज कुमार अग्रवाल

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा में अड़चन डाल रहे हैं कट्टरपंथी!



इस बार बांग्लादेश में शारदीय नवरात्रि पर होने वाली दुर्गा पूजा कट्टरपंथी लोगों के निशाने पर है। बांग्लादेश से प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्वासन के बाद वहां हिन्दू विरोधी कट्टरपंथी ताकतों द्वारा कदम कदम पर हिन्दुओं का सामाजिक धार्मिक सामुदायिक दमन किया जा रहा है। बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। राज्य में इस्लामी कट्टरपंथी समूहों ने हिंदूओ के कई मंदिरों और समितियों को धमकी भरे पत्र भेजे हैं। जिनमें 5 लाख बांग्लादेशी टका की मांग की गई है। इस पत्र में कहा गया है कि अगर ये रकम नहीं भेजी गई तो उन्हें पूजा नहीं करने दी जाएगी। हिंदू समुदाय के सदस्यों का कहना है कि दुर्गा जी की प्रतिमा को तोड़ने और जबरन वसूली के लिए उन्हें कई ऐसी ही धमकियां मिली है।इन धमकियों के चलते बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के आयोजन पर संकट व असुरक्षा का माहौल बना है हालांकि अतीत में मुगल काल में भी मौजूदा बांग्लादेश में दुर्गा पूजा की जाती रही थी।

आपको बता दें कि दुर्गा पूजा का उत्साह केवल भारत में ही नहीं, बल्कि हमारे पड़ोसी बांग्लादेश में भी माँ दुर्गा की पूजा बड़े आयोजन के रूप में होती है। सिर्फ हिंदू समुदाय ही यह त्योहार नहीं मनाते, बल्कि लिबरल मुसलमान भी इसमें बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। वहां यह अब एक सार्वभौमिक त्योहार है। यह जानना काम सुखद नहीं है कि 2022 में बांग्लादेश में 32,168 दुर्गा पंडाल लगाए गए थे। अकेले ढाका में पूजा पंडालों की संख्या 241 थी।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित ढाकेश्वरी मंदिर इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र में माँ दुर्गा की उपासना सदियों से होती चली आ रही है। माना जाता है कि ढाकेश्वरी मंदिर की स्थापना 12वीं शताब्दी में बल्लाल सेन नाम के एक हिंदू राजा ने की थी। बल्लाल सेन को माँ दुर्गा ने सपने में आकर कहा था कि उनकी प्रतिमा पास के जंगल के एक विशेष स्थान पर दबी हुई है, वह उस प्रतिमा को वहां से लेकर मंदिर में स्थापित करें। ढाकेश्वरी माँ के नाम पर ही बांग्लादेश की राजधानी का नाम ढाका पड़ा, ऐसी मान्यता है। तभी से ढाका में माँ दुर्गा की यह पारंपरिक पूजा होती आ रही है। बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मंदिर के अलावा सिद्धेश्वरी मंदिर, रमना काली मंदिर और रामकृष्ण मिशन मंदिर भी दुर्गा और काली पूजा के लिए विश्वविख्यात है। सिलहट जिले के पंचगांव की दुगार्पूजा लगभग 300 साल पुरानी है। यह पूरे उपमहाद्वीप में एकमात्र लाल रंग की दुर्गा हैसच कहे तो आज जिस रूप में हम दुर्गा पूजा का आयोजन करते हैं, उसकी शुरूआत बंगाल से हुई। आज भी धूमधाम और भव्यता में कोलकाता की दुगार्पूजा का कोई मुकाबला नहीं है। भारत विभाजन से पहले बांग्लादेश भी बंगाल का ही हिस्सा था, इसलिए संस्कृति भी एक ही थी। पहले पूर्वी बंगाल के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा बना और फिर 1971 में स्वतंत्र देश बन गया ।

इधर के कुछ वर्षों में बांग्लादेश में भी इस्लामिक कट्टरपंथी सर उठाने लगे हैं। दुर्गा पूजा के पिछले कुछ आयोजनों में विघ्न प्रयास किए गए। पिछले साल तो किसी कट्टरपंथी ने पंडाल में कुरान की प्रति रख दी और अफवाहें फैला दीं। कई जगह पंडाल में तोड़ फोड़ भी की गई। लेकिन प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्वासन के बाद कट्टरपंथी ताकतों ने हिन्दुओं पर बड़े पैमाने पर हिंसा आगजनी घरो में आगजनी महिलाओं खासकर नाबालिग लड़कियों के साथ दरिंदगी पूजा स्थलों पर तोडफोड़ मूर्ति भंजन की वारदातों को अंजाम दिया गया। हाल ही में कट्टरपंथी तत्वों ने एक पत्र भेज कर खुली अवैध वसूली और धमकी देने का एलान किया है। इन तत्वों ने चेतावनी दी है कि 'अगर आप दुर्गा पूजा मनाना चाहते हैं, तो हर मंदिर समिति को 5 लाख टका दान देना होगा। अगर आप इसका पालन नहीं करते हैं, तो आप उत्सव नहीं मना पाएंगे। हम जो जगह बताएंगे, वहां एक हफ़्ते के अंदर पैसे जमा कर दें। याद रखें, अगर आपने प्रशासन या प्रेस को बताया, तो हम आपको टुकड़े-टुकड़े कर देंगे।' चेतावनी पत्र में आगे लिखा है, 'हम अल्लाह की कसम खाते हैं, अगर हमें पैसे नहीं मिले, तो हम तुम्हें टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। हमारी नजर तुम पर है।' दुर्गा पूजा से पहले तनाव के चलते बांग्लादेशी अधिकारियों ने देश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि दुर्गा पूजा पंडालों के आसपास सतर्कता बढ़ाई जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक मोइनुल इस्लाम ने कहा कि दुर्गा पूजा समारोहों की अवधि के लिए तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था अपनाई जा रही है। यह मूर्ति विसर्जन ( विसर्जन ) तक लागू रहेगी। अगर दुर्गा पूजा समितियों को कोई धमकी देती हैं तो वे आपातकालीन नंबर 999 पर संपर्क कर सकती हैं। दुर्गा पूजा के लिए सादे कपड़ों में सुरक्षाकर्मी, संकट प्रतिक्रिया दल और स्वाट को स्टैंडबाय पर रखा जाएगा। वहीं, डाकोप पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज सिराजुल इस्लाम ने कहा, 'शुक्रवार को चार मंदिरों ने जीडी दर्ज कराई है। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं और नियमित रूप से सेना दल के साथ गश्त कर रहे हैं। यहां आपको बता दें कि पिछले दिनों शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद इस्लामी कट्टरपंथी हमलावरों ने पुलिस और सेना की मौजूदगी में हिन्दुओं के खिलाफ जमकर हिंसा की गई। बांग्लादेश की सरकार ने बाकायदा फरमान जारी कर हिंदुओं को आदेश दिया है कि दुर्गा पूजा पंडालों में बजने वाले म्यूजिक सिस्टम मस्जिदों में होने वाली अजान और नमाज के वक्त बंद कर दिए जाएं. बांग्लादेश की सरकार के



इस तालिबानी फरमान का अब चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक बांग्लादेश में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने यह आदेश जारी किया है. मंगलवार को जारी किए गए इस फरमान में जहांगीर आलम ने कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों के दौरान मस्जिद में अजान से 5 मिनट पहले म्यूजिक सिस्टम को बंद करना अनिवार्य होगा. इसके बाद जब तक मस्जिदों में नमाज चलेगी, तब तक पंडालों में बजने वाले सभी म्यूजिक सिस्टम और लाउडस्पीकर बंद रहने चाहिएं. बांग्लादेश की यूनुस सरकार के इस तालिबानी फरमान का भारत में विरोध शुरू हो गया है. इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने एक्स पर पोस्ट कर इस आदेश पर विरोध जताया. पोस्ट में दास ने लिखा, बांग्लादेश में गृह मंत्री के सलाहकार फरमान जारी कर रहे हैं कि हिंदुओं को अजान से 5 मिनट पहले अपनी सभी पूजा- अनुष्ठान और संगीत बंद कर देना चाहिए वरना उनकी गिरफ्तारी हो सकती है. ये नया तालिबानी बांग्लादेश है। इन हालातों में क्या हजारों साल से चली आ रही दुर्गा पूजा इस साल परम्परागत उत्साह से संपन्न हो पाएगी इस मे संदेह की काफी गुंजाइश है लेकिन अजब दुर्योग कहा जाए कि बांग्लादेश में हिन्दूओं के साथ बर्बरता की वारदातों के बावजूद भारत में भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश की टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेल रही है और बांग्लादेश में हो रही अराजकता के खिलाफ तनिक भी विरोध नहीं जता रही है। सेकुलरिज्म ने हमारे राष्ट्रीय चरित्र और चेतना को किस हद तक करंट प्रूफ या पतन किया है यह इस बात का सटीक सत्यापन है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए टेंशन भरा रहने वाला है, क्योंकि बिजनेस में आपको कोई नुकसान होने की संभावना है, इसलिए शेयर मार्केट से जुड़े लोग भी सोच समझकर धन लगाएं। आप किसी नए काम को करने के लिए कुछ समय रूक जाएं। आपके पिताजी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होने वाली है। जीवनसाथी को कोई सेहत संबंधित समस्या हो सकती है, जिसके लिए आपको भागदौड़ के साथ-साथ खर्चा भी अधिक करना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी तरक्की की राह में आ रही रूकावटें दूर होंगी। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। आज आप अपने परिवार के सदस्यों को किसी धार्मिक यात्रा पर लेकर जा सकते हैं। आपको महिला मित्रों से सावधान रहना होगा, क्योंकि वह आपके साथ कोई धोखा कर सकती हैं। आपको कार्यक्षेत्र में किसी से कोई लेनदेन और लिखापढ़ी करके करना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके लग्जरी चीजों में वृद्धि होगी और आपको कोई लेनदेन पूरी लिखापढ़ी करके करना होगा, क्योंकि बाद में इसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है। यदि आपने किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर की, तो वह आपसे नाराज हो सकते हैं। आपके मन में कुछ उलझनें रहेंगी, जिससे आपको काम करने में समस्या आएगी। आपके बॉस आपके कामों की तारीफ करेंगे, लेकिन आपको कोई गड़बड़ी नहीं करनी है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको कहीं से अचानक धन की प्राप्ति हो सकती है और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप यदि कोई प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं, तो आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि उनके साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। आपकी कोई नई कोशिश कामयाब रहेगी, जो जातक नौकरी में बदलाव के बारे में सोच रहे हैं, उन्हें किसी दूसरी जगह ट्राई करना बेहतर रहेगा।

सिंह- आज का दिन आय के स्रोतों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखें। आपको यदि कोई टेंशन चल रही थी, तो छोटे बच्चों के साथ खेलकूद कर आप उसे काफी हद तक दूर करेंगे। आपके बॉस से आपकी खटपट हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में अधिक मेहनत की आवश्यकता है, तभी उन्हें सफलता मिलेगी। आपको अपनी सेहत में चल रही समस्याओं को लेकर कुछ मेडिकल टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। व्यापार में आप किसी को पार्टनर बना सकते हैं। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मुद्दा सुलझेगा और आपको अकस्मात धन लाभ की प्राप्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी, जो आपको खुशी देगी। यदि आपके पारिवारिक जीवन में कुछ समस्या चल रही है, तो उसके लिए आपको बड़े सदस्यों से सलाह लेने की आवश्यकता है। आप अपने कार्यक्षेत्र में काम से काम मतलब रखे, तो ही बेहतर रहेगा।

तुला- आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा सतर्क रहना होगा। आपके जन समर्थन में इजाफा होगा। यदि आप कुछ कर्ज लेने का सोच सोच रहे हैं, तो उसके मिलने में आपको समस्या आएगी, लेकिन आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो कोई लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। माता जी का कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है, जो आपको समस्या देगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी बुद्धि और विवेक से काम लेने की आवश्यकता है। आप दूसरों के मामले में ज्यादा ना बोले और माताजी यदि आपको कोई जिम्मेदारी दें, तो आपको उसे समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है, जिससे आपको खुशी होगी। आप परिवार के सदस्यों के लिए किसी छोटी-मोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ घूमने फिरने जाएंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपके विरोधी आपके कामों में विघ्न डालने की कोशिश करेंगे। आपको संतान की किसी बात को लेकर क्रोध आ सकता है, लेकिन आपको धैर्य रखने की आवश्यकता है। आपको यदि नौकरी को लेकर कुछ समस्या चल रही थी, तो आप किसी दूसरी के लिए ट्राई कर सकते हैं। विद्यार्थियों का किसी नए कोर्स में दाखिला लेने का सपना पूरा होगा। आप मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में जा सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका यदि कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है और विद्यार्थियों को आज किसी परीक्षा में अच्छी सफलता मिलती दिख रही है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी यश और कीर्ति बढ़ेगी। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं। आपको अपने कामों से अपने अधिकारियों को खुश करेंगे। नव विवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा रखना होगा और आपको कोई परिवारिक समस्या यदि लंबे समय से आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। प्रेम जीवन में आप रूमानी दिन व्यतीत करेंगे, क्योंकि आप काफी समय अपने साथी के साथ व्यतीत करेंगे। आपको अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा और यदि आप किसी से कोई लेनदेन कर रहे हैं, तो उसमें आपको अपने आंख कान खुले रखने होंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप अपने घरेलू कामों को निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपके मित्रों की संख्या में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को यदि आपने धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा ऑर्डर मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, जो लोग रोजगार की तलाश में परेशान चल रहे थे, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय हीरो का महोत्सव

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

आज रमेश के जीवन का सबसे महान दिन था। वह दिन जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की थी। ऐसा खुशनुमा दिन उसकी किस्मत में होगा, ये तो उसने सपने में भी नहीं सोचा था। पर आज सब कुछ हकीकत था। रमेश बार-बार अपनी आंखें मसल रहा था, कहीं ये सपना तो नहीं। मंच, कुर्सियां, सजावट और बड़ी-बड़ी हस्तियों की भीड़... ये सब सच में उसके सामने थे। वह मंच पर खड़ा, सबको टकटकी लगाए देख रहा था। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या ये वही लोग हैं, जो कल तक उसे देखकर भी अनदेखा कर देते थे? उसे ऐसा लग रहा था मानो वह कोई महान व्यक्तित्व है और ये सब उसकी पूजा-अर्चना करने आए हैं। मन में जो विचार उठे, जैसे कि वही होने लगा। माननीय मंत्रीजी ने पहले उसके माथे पर तिलक लगाया, फिर सुंदर माला पहनाई, और उसके बाद एक शानदार शॉल ओढ़ाई। धीरे-धीरे वहां मौजूद लोग उसके मुंह में मिठाई ठूंसने लगे। रमेश को कुछ समझ नहीं आया कि ये हो क्या रहा है। उसने सोचा कि कुछ पूछे, पर मुंह तो मिठाइयों से भरा था, बस आंखें फटी रह गईं। जैसे कोई फिल्म का सीन फ्रीज कर दिया गया हो। लेकिन अंदर ही अंदर जीभ बेचारे मुंह को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रही थी, और रमेश अपने जीवन में पहली बार इतना मीठा स्वाद चखकर रोमांचित हो रहा था। कुछ समझ में तब आया जब लोग उससे हाथ मिलाकर उसे 'हीरो दिवस' की बधाई देने लगे। अब रमेश को समझ में आया कि मामला क्या है। कल तक जो लोग उससे ढंग से बात नहीं करते थे, आज उसे ह्यरमेशजीह्ण कहकर संबोधित कर रहे थे। मन में शक पैदा हुआ कि कहीं बकरे को हलाल करने से पहले का ये तामझाम तो नहीं? पर हिम्मत करके कुछ बोलने का साहस नहीं हुआ। भीड़ में जोश था, मंच के सामने लंबी कतारें लगी थीं। सब मजदूर थे, ठीक उसकी तरह। धूप में तपते हुए लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, मानो उनके जीवन का सुनहरा अवसर आ गया हो। वह अपने दिल में एक ही सवाल लेकर खड़ा था: ₹क्या आज हम सबका भी सम्मान होगा? इसी बीच नेताजी का भाषण शुरू हो गया। सारा माहौल एकदम शांत हो गया। नेताजी ने बड़ी ही शान से कहा, ₹हमारे रमेश जैसे हीरो, हमारे देश की असली ताकत हैं। आज हम इनकी मेहनत का सम्मान करने आए हैं। ये लोग हमारे देश के असली हीरो हैं। इनकी वजह से ही हमारा देश इतना आगे बढ़ रहा है।₹ नेताजी के मुख से 'हीरो' शब्द सुनते ही रमेश और बाकी मजदूर खुशी से झूम उठे। तालियों की गड़गड़ाहट और कैमरों की चमक में नेताजी धीरे-धीरे गायब हो गए, और किसी को भनक तक नहीं लगी। फिर कुछ समाजसेवी आए और ऐलान कर दिया, ₹समारोह समाप्त हो चुका है, आप लोग अब अपने-अपने घर जाएं।₹ लाइन में खड़े लोग हक्के-बक्के रह गए। रमेश, जो खुद को 'हीरो' मान रहा था, ने हिम्मत करके कुछ कहना चाहा, ₹भाई, एक-एक मिठाई तो दे ही दीजिए इन लोगों को। बेचारे दूर-दूर से आए हैं।₹ पर वहां के कार्यकर्ता गुस्से में बोले, ₹समारोह खत्म हो गया, अब कुछ नहीं मिलेगा। और हां, कल समय पर काम पर आ जाना, नहीं तो तुम्हें हमसे बुरा कोई नहीं मिलेगा। रमेश का चेहरा लटक गया। वह समझ नहीं पा रहा था कि कल तक के 'हीरो' के साथ आज अचानक ये बर्ताव क्यों हो रहा है। अगले दिन अखबार में उसने सबसे ऊपर अपनी फोटो देखी, जिसमें नेताजी उसे सम्मानित कर रहे थे। रमेश चौंक गया। वह समझ नहीं पा रहा था कि ये सम्मान था या अपमान।







### बेबी प्लानिंग के दौरान भूलकर भी ना खाएं ये फूड्स, गर्भधारण में होगी दिक्कत!

आज के समय में बांझपन की समस्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है. महिलाओं और पुरुषों में फर्टिलिटी क्षमता से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं देखने को मिलती हैं. इसके कई कारण हैं, जिनमें जीवनशैली से जुड़े कारण काफी आम हैं. काम के कारण तनाव भरा जीवन, गलत खान-पान और धूम्रपान की आदत के कारण भी लोगों में गर्भधारण से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं. आज के समय में बांझपन की समस्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है. महिलाओं और पुरुषों में फर्टिलिटी क्षमता से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं देखने को मिलती हैं. इसके कई कारण हैं, जिनमें जीवनशैली से जुड़े कारण काफी आम हैं. काम के कारण तनाव भरा जीवन, गलत खान-पान और धूम्रपान की आदत के कारण भी लोगों में गर्भधारण से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल के लोगों में बांझपन की समस्या खराब खान-पान, प्रोसेस्ड फूडस होती है.इसके अलावा कुछ सुपरफूड ऐसे भी हैं जिसका सेवन प्रेगनेंसी प्लानिंग कर रहे हैं लोगों को नहीं करना चाहिए.क्योंकि, इनके सेवन से आपके गर्भधारण के चांस कम हो सकते हैं.

**इलाइची का सेवन न करें**-आयुर्वेद के अनुसार, कफ को संतुलित करने के लिए हरी इलायची के सेवन की सलाह दी जाती है. इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं. इलायची का सेवन शरीर में दर्द, सीने में जलन, सांस की तकलीफ और मुंह में कड़वा स्वाद को कम करने के लिए भी जाना जाता है. इलायची हमारे शरीर के पाचन शक्ति बढ़ाता है और साथ ही कफ, खुजली और अन्य समस्याओं से आराम दिलाता है.

चौथा स्तंभ

किशन सनमुखदास भावनानी

# दुनिया में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा में राजनीतिक ताकतों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाना समय की मांग



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ मैं हर देश परंतु विशेष रूप से लोकतांत्रिक देशों में आज प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया को न्यायपालिका कार्यपालिका व विधायिका के बाद लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है क्योंकि ये निर्भीक और स्वतंत्र जिम्मेदार पत्रकारिता करते हैं,इसके मुख्य कार्य लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करना, समाज की गतिविधियों का आकलन करना, जनता की तकलीफों को शासन तक पहुंचाना,शासकीय निष्क्रियता भ्रष्टाचार,असहिष्णुता गैर जिम्मेदारी को ऊजगार कर जनता के सामने रखते हैं,ताकि ऐसे शासकीय अधिकारियों राजनेताओं को जनता सबक सिखाएं और जनता जनार्दन ही शासन व सत्ता की मालिक है ऐसा एहसास आए परंतु हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि इस चौथे स्तंभ पर राजनीतिक दबावतंत्र माफियातंत्र का प्रयोग होने की संभावना बनी रहती है, क्योंकि जब निर्भीक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार अपनी कलम काले कारनामों राजनीतिक सामाजिक, शैक्षणिक या फिर कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा समितियां बनाकर जनसेवा के नाम पर संस्थापक बनकर प्राकृतिक संपदा का अवैध दोहन का व्यापार करते हैं, अदृश्यता से घोटाले करते हैं जिसपर चौथा स्तंभ पैनी नजर गड़ाकर कर उन्हें उजगार करते हैं तो फिर, देशद्रोह राजद्रोह या फिर शासकीय कार्य में बाधा जैसे अनगिनत आरोपीकी झड़ी लग जाती है व जिसकी लाठी उसी की भैंस वाली कहावत सटीक फिट बैठ जाती है,पत्रकार परएफआईआर दर्ज हो जाती है जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे,आज हम इस विषय पर इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि गुरुवार दिनांक 26 सितंबर 2024 को हांगकांग कोर्ट ने एक अखबार स्टैंड न्यूज जो अब बंद हो चुका है के दो पूर्व संपादकों को एक लेख प्रकाशित करने की साजिश में 21 महीने जेल की सजा सुनाई है, जिसमें से एक को लाइलाज बीमारी के चलते उन्हें बरी कर दिया गया है,मेरा मानना है कि इसपर पूरी दुनियाँ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ आक्रोशित होंगे।चूँकि दुनियाँ में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा में राजनीतिक ताकतों कोमहत्वपूर्ण भूमिका निभाने का समय की मांग है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकतंत्र की आधारशिला व चौथे स्तंभ मीडिया के उच्च मानव को बनाए रखना, राजनीतिक दबावतंत्र को माफियातंत्र पर नियंत्रण के लिए न्यायपालिका कार्यपालिका व विधायिका का सहयोग जरूरी है।

साथियों बात अगर हम हांगकांग में दो संपादकों को एक लेख पर देशद्रोह के आरोप में 21 महीनों की जेल की करें तो,अब बंद हो चुके हांगकांग अखबार स्टैंड न्यूज के दो पूर्व संपादकों को भड़काऊ लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने के लिए 21 महीने जेल की सजा सुनाई गई जिनमें से एक को लाइलाज बीमारी से रिहा कर दिया गया। इस ऐतिहासिक मामले में पत्रकारों को दोषी पाए हुए लगभग एक साल हो गया था।1997 में हांगकांग के चीनी शासन में लौटने के बाद वे औपनिवेशिक युग के राजद्रोह कानूनों के तहत आरोपित होने वाले पहले मीडिया कर्मी हैं। गुरुवार को सुनाया गया फैसला पूर्व संपादक चोंग पोई कुएन, 55, और पूर्व उप संपादक पैट्रिक लैम सीव टोंग, 36, भीड़ भरे माहौल में भड़काऊ सामग्री को पुनः पेश करने और प्रकाशित करने की साजिश के लिए अपनी जेल की सजा सुनते समय चुप रहे। इसे सुरक्षित कर लिया गया 'कोर्ट न्यायाधीश ने श्री झेंग को 21 महीने जेल की सजा सुनाई, जो श्री लैम की मूल सजा 14 महीने की थी, लेकिन श्री लैम की स्वास्थ्य स्थिति के कारण सजा को तीन महीने कम कर दिया गया। मुकदमे के दौरान जमानत मिलने तक दोनों जेल में थे। चुंग,जो पहले ही एक साल जेल में बिता चुका था, को अपनी सजा के शेष नौ महीने काटने थे, लेकिन लैम ने शेष 21 दिन जेल में काटे क्योंकि न्यायाधीश ने पाया कि उसे एक दुर्लभ बीमारी के इलाज की आवश्यकता है। सजा सुनाते समय, न्यायाधीश ने कहा कि लेख एक वर्ष और पांच महीने की अवधि में प्रकाशित हुए थे और जिन लोगों पर श्री होंग के खिलाफ सबसे चरम हिंसा करने का आरोप लगाया गया था, वे उनके अपराधों की गंभीरता को दशार्ते हैं। कहा जेल की सजा जरूरी हैं।उन्होंने कहा, वे वास्तविक पत्रकारिता गतिविधियों में शामिल नहीं थे बल्कि सरकार के खिलाफ तथाकथित प्रतिरोध गतिविधियों में लगे हुए थे। अपने चरम पर, स्टैंड न्यूज के 1.6 मिलियन फॉलोअर्स थे, और यह सामग्री लोगों को गंभीर और अपूरणीय क्षति पहुंचा रही थी। साथियों बात अगर हम इस तरह का एक केस 1983 में भारत में भी होने की करें तो, एक आलेख से भड़केएक पार्टी नेताओं ने साप्ताहिक पत्रिका 'हुजूम' के मुद्रक, प्रकाशक और संपादक के खिलाफ देशद्रोह और सांप्रदायिक दंगा भड़काने का मामला दर्ज करवा दिया था। हालांकि, दिसंबर 2008 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले को बंद कर पत्रिका के संपादक और लेखक को बड़ी राहत दी थी।जावेद हबीब बनाम राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) केस में जस्टिस एसएन ढींगरा ने अपने फैसले में कहा था कि अपीलकर्ता एक उर्दू साप्ताहिक हजूम का प्रकाशक और संपादक हैं, जिन्होंने वर्ष 1983 में, 18-24 नवंबर, 1983 के अंक में पेज 1948 पर एक लेख प्रकाशित किया था, यह लेख कुर्बान अली द्वारा लिखा गया था।1999 में दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में राजद्रोह का दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। जावेद हबीब ने इसके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की थी कि अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति सरकार और उसकी नीतियों की आलोचना वाला लेख निष्पक्ष था। इससे पहले सत्र अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि यह लेख जानबूझकरसांप्रदायिक नफरत फैलाने और कानून द्वारा स्थापित तत्कालीन सरकार के प्रति असंतोष भड़काने के इरादे से लिखा गया था।हालाँकि, हाईकोर्ट के जस्टिस ने प्रकाशक की सजा को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि प्रधानमंत्री या उनके कार्यों के खिलाफ राय रखना या सरकार के कार्यों की आलोचना करना या सरकार में उच्च पदों पर बैठे नेताओं के भाषणों और कार्यों से यह निष्कर्ष निकालना कि वह एक विशेष समुदाय के खिलाफ है और कुछ अन्य राजनीतिक नेताओं से सांठगांठ है, को देशद्रोह नहीं माना जा सकता है।

साथियों बात अगर हम पत्रकारों द्वारा सफेदपोशों द्वारा शासकीय, सामाजिक, शैक्षणिक संस्थानों में की जा रही गड़बड़ियों कोउजगार करने पर एफआईआर की करें तो,पत्रकारों पर लगातार मामले दर्ज सिर्फ.अभी नहीं, बल्कि पिछले काफी वक़्त से पत्रकार इस तरह के मामले अपने ऊपर झेल रहे हैं।31 अगस्त 2019 को मिर्जापुर में पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।उन्होंने सरकारी स्कूल में व्याप्त अनियमितता और मिड डे मील में बच्चों को नमक रोटी खिलाए जाने से संबंधित खबर छापी थी। काफी हंगामा होने के बाद उनका नाम एफआईआर से हटा दिया गया और उन्हें इस मामले में क्लीन चिट दे दी गई।इस घटना का दिलचस्प पहलू ज़िले के कलेक्टर का वह बयान था जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रिंट मीडिया का पत्रकार वीडियो कैसे बना सकता है?' इस मामले में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया को हस्तक्षेप करना पड़ा था।जैसे 16 सितंबर, 2020 को सीतापुर में एक पत्रकार नें क्वारंटीन सेंटर पर बदइंतजामी की खबर लिखी, उन पर सरकारी काम में बाधा डालने, आपदा प्रबन्धन के अलावा एससी/एसटी ऐक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया।आजमगढ़ के एक स्कूल में छात्रों से झाड़ू लगाने की घटना को रिपोर्ट करने वाले छह पत्रकारों के खिलाफ 10 सितंबर, 2019 को एफआईआर हुई।पत्रकार के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और रंगदारी मांगने संबंधी आरोप दर्ज किये गए थे यह पूरी जानकारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से निकल गई है। साथियों बात अगर हम रिपोर्ट विदाउट बॉर्डर की प्रेस फ्रीडम रैंकिंग 2024 जारी करने व देशों की स्थिति की करें तो,भारत में प्रेस फ्रीडम पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय स्वतंत्र संस्था रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स हर साल 180 देशों की प्रेस फ्रीडम रैंक जारी करती है।इस इंडेक्स में भारत की रैंक लगातार गिरती जा रही है।2017 में 136वें स्थान के बाद 2020 में भारत 180 देशों में 142वें नंबर पर है।संस्था ने भारत को लेकर कहा था कि साल 2020 में लगातार प्रेस की आजादी का उल्लंघन हुआ, पत्रकारों पर पुलिस की हिंसा, राजनीतिक कार्यकताओं का हमला और आपराधिक गुटों या भ्रष्ट स्थानीय अधिकारियों ने बदले की कार्रवाई की।इस महत्वपूर्ण चुनावी वर्ष में, जब लगभग आधी दुनिया मतदान करने जा रही है, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) ने चेतावनी दी है कि राजनीतिक दबाव पत्रकारिता और जनता के जानने के अधिकार को लगातार खतरे में डाल रहा है।

एक नजर

## विधायक से षड्यंत्रकारियों पर कार्रवाई की मांग

**राजिम,28 सितंबर।** शासकीय रामविशाल पांडे स्वामी आत्मानंद स्कूल राजिम इन दिनों लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। समाचार पत्रों में कभी कुछ व्यक्तियों द्वारा प्राचार्य के विरुद्ध छात्र-छात्राओं से दूर्व्यवहार की शिकायत, कभी नियम विरुद्ध प्राचार्य की नियुक्ति को लेकर लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां तक की प्राचार्य एक्का को हटाने की मांग को लेकर विधायक रोहित साहू को भी आवेदन किया गया है।

इसी तारतम्य में शाला प्रबंधन समिति सेजेस राजिम के सदस्य एवं कुछ पालकगण प्राचार्य एक्का के पक्ष में विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर प्राचार्य को स्कूल से हटाने की षड्यंत्रकारी बातों में न आने का आग्रह किया है। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं पालकों ने बताया कि प्राचार्य एक्का बहुत ही जिम्मेदारी के साथ स्कूल में अनुशासन बनाकर स्कूल की शिक्षा व्यवस्था को अच्छे से संचालित कर रहे हैं। स्कूल में शिक्षकों की कमी और सुविधाओं का अभाव होने के बावजूद भी पूरे गरियाबंद जिले में लगातार दो वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट देना उनके कार्य कुशलता का प्रमाण है। प्राचार्य की विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार की जो शिकायत की गई है वह पूरी तरह निराधार है। बल्कि सच्चाई तो यह है कि प्राचार्य का बच्चों से विशेष लगाव है और बच्चे भी उन्हें बहुत पसंद करते हैं। एसएमडीसी सदस्यों ने बताया कि जिन पालकों ने प्राचार्य के विरुद्ध शिकायती पत्र में हस्ताक्षर किए हैं उनसे बात करने पर यह पता चला है कि कुछ पालकों के हस्ताक्षर फ़र्जी हैं तो कुछ पालकों को धोखे से हस्ताक्षर लिया गया है। कुछ पालकों को तो मुद्दे के बारे में जानकारी ही नहीं है। इससे यह पता चलता है कि इसके पीछे षड्यंत्रकारी तत्वों का हाथ है। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण और पालक गण विद्यालय की शिक्षा को लेकर बहुत सतर्क हैं। प्रबंधन समिति और पालकगण लगातार प्राचार्य और शिक्षकों का पढ़ाई की गुणवत्ता के संबंध में मीटिंग कर सतत मार्गदर्शन कर रहे हैं। साथ ही क्लासरूम का भी निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं के समस्याओं से रूबरू होते रहते हैं। लेकिन कुछ व्यक्तियों द्वारा विद्यालय एवं प्राचार्य की छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास लगातार किया जा रहा है। ऐसे षड्यंत्र से किसे फायदा मिलेगा यह जांच का विषय है। प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं पालकों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर उच्च स्तरीय जांच समिति के द्वारा जांच करवाकर षड्यंत्रकारी तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। प्राचार्य के पक्ष में अपना समर्थन देने वालों में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सदस्य सोमनाथ पटेल सांसद प्रतिनिधि, खुशी साहू विधायक प्रतिनिधि, संजीव साहू, चंदन बंजारे, भरत यादव, महेंद्र कश्यप, लेखा महोबिया पार्षद, सूरज पटेल पार्षद , सलमा कौसर, अनुसुइया कंडरा, ईश्वर साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति देवी सम्पद स्कूल राजिम उत्तम निषाद पार्षद पालक शिवराज देवांगन, ओमप्रकाश ठाकुर एवं समिति के सभी सदस्य हैं।

## रामधुनी महोत्सव में भरत भाई सम्मान से मुन्नालाल देवदास नवाजे जाएंगे

**राजिम,28 सितंबर।**राजिम छत्तीसगढ़ की बेटी कौशल्या और भांचा श्रीराम के गौरव गाथा को लोककला एवं रामधुनी प्रतियोगिता के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के लिए नवरात्रि में ऐतिहासिक त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम प्राचीन बैकुंठ धाम शिव दुर्गा हनुमान मंदिर नेवई भिलाई प्रांगण में 6 से 8 अक्टूबर को संपन्न होगा। जिसके आयोजक पुरखा के सुरता जनकल्याण समिति एवं प्राचीन बैकुंठ धाम मंदिर समिति नेवई भिलाई है इसके संयोजक पद्मश्री डॉ राधेश्याम बारले है। ऐतिहासिक प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय, ललित चन्द्राकर, सांसद विजय बघेल, विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक राजेन्द्र यादव, विधायक रिकेश सेन, एवं अन्य अतिथिगण हैं।

इस राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता में प्रथम दिवस 6 अक्टूबर को अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ में राम काज एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें हृदय सम्राट भरत भाई सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक डॉ मुन्नालाल देवदास, माता कौशल्या सम्मान वरिष्ठ लोकगायिका कविता वासनिक , छत्तीसगढ़ कला शिरोमणि सम्मान रंगसरोवर के संस्थापक भूपेन्द्र साहू पांडुका , फिल्म अभिनेता डॉ अजय मोहन सहाय रायपुर, फिल्मी लोक गायक सुनील सोनी आदि को दिया जाएगा ।

# भारतीय किसान संघ गीदम की तहसील इकाई गठित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गीदम, 28 सितम्बर।** गीदम शीतला माता मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय किसान संघ की बैठक आहूत की गई जिसमें भारतीय किसान संघ के तहसील स्तर पर नई कार्यकारिणी गठन किया गया जिसमें जिले से नियुक्त चुनाव अधिकारी बलीराम लेकाम एवं सहयोगी विजय तिवारी , अभिमन्यु सोनी, मधुसुदन ठाकुर,मुगड़ु कड़ती,मनकू लेकाम, नंदलाल राठोर, कुम्मा वेक, कमलोचन सेठिया , लोकनाथ चंद्राकर,शैलेश अटामी,के दिशा-निर्देशन में गठन प्रकिया सम्पन्न हुई। नए कार्यकारिणी में गीदम तहसील से जयदेव मरकाम अध्यक्ष चुने गए वही उपाध्यक्ष रतनू ठाकुर, मंत्री सुशील नेताम, सह मंत्री सुरेश लेकाम, युवा प्रमुख रूपा मुरामी, महिला प्रमुख चमंपा अटामी , प्रचार प्रमुख अभिनव तिवारी, बिज प्रमुख चंदन लेकाम, जैविक प्रमुख बलराम कुंजाम, जल प्रमुख लखमू कश्यप, सहाकरीता प्रमुख सोनकू राम सोढ़ी, बिजली प्रमुख कृष्णा यादव, विपड़न प्रमुख भीमसेन वेक , विधी प्रमुख महेश कड़ियाम, कार्यकारिणी सदस्य रामाराम कश्यप, बुधरू मंडावी, कमलेश वेक, महादेव ठाकुर, धनीराम यादव,बोसा जुर्री, को बनाया गया। ज्ञात हो की प्रांत की दिशा निर्देशानुसार आगामी दिनों में जिला का भी गठन किया जाना है उसी क्रम में सभी तहसील स्तर तक संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी तहसीलों का गठन किया जाना है ।

## कोंटा पुलिस को मिली बड़ी सफलता गांजा सहित 8 लोग हुए गिरफ्तार



**कोंटा,28 सितंबर।** मुखबिर की सूचना पर कोंटा पुलिस ने नाका बंद कर किया आरोपियों को गिरफ्तार नशा तस्करी के खिलाफ सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने अभियान छेड़ रखा हैं,सुकमा जिले के कोंटा पुलिस को बढी कामयाबी मिली है । गांजे की तस्करी करते 08 तस्करौं को कोंटा के बार्डर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है वर्तमान की स्थिति में पुलिस के द्वारा मौके पर ही गांजे को तौला जा रहा हैं ।

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन 30 सितंबर तक

सुकमा, 28 सितम्बर। समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसम्बर को दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कराने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं के अतिरिक्त सर्वोत्तम जिला सवर्ग को पुरस्कृत किया जाता है। दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र जिला कार्यालय एवं कनिष्ठ कार्यालयों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों की प्रतिष्टियां 30 सितंबर 2024 तक जिला कार्यालय समाज कल्याण सुकमा में प्रस्तुत की जा सकती हैं।

## ट्रक की टक्कर से वरदल्ली के बाइक सवार की मौत



**भोपालपटनम, 28 सितंबर।** बीजापुर घाट में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हैं ।लक्ष्मैया तलांडी अपने साथी गौरैया तलांडी के साथ बीजापुर से वर्दली अपने घर वापस जाते समय महादेव घाट सीआरपीएफ कैंप के पास ट्रक क्रमांक ओडी 35 एफ 9957 वहां के साथ जबरदस्त टक्कर होने पर लक्ष्मी या तलंडी की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरा घायल व्यक्ति गौरैया कालाहांडी का जिला अस्पताल बीजापुर में इलाज जारी है और वह उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है बीजापुर थाना प्रभारी ने बताया कि मार्ग और एफआरआई कर विवेचना की जा रही है मौके से ट्रक चालक फरार हो गया है घटना करीब दोपहर 3ः00 के आसपास की बताई जा रही हैं लक्ष्मैया तलांडी 38 वरदली का रहने वाला है।

## अपनी मांगों के लिए ओवरब्रिज के नीचे व कलेक्टौरेट के सामने दिनभर डटे रहे कर्मचारी-अधिकारी




**राजनांदगांव, 28 सितंबर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आज के आंदोलन में जिला मुख्यालय राजनांदगांव में कलेक्टरेड के सामने ओवरब्रिज के नीचे इतनी ज्यादा भीड़ इकट्ठी हो गई कि बैठने के लिए कुर्सियां कम पड़ गई। अपनी विभिन्न मांगों के लिए आंदोलन में पहुंचे कर्मचारी अधिकारीगण हड़ताल स्थल पर पीछे खड़े रहे।आंदोलन को, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक के. एल. टांडेकर, जिला महासचिव सतीश व्यवहारे, पीआर झाड़े, ओमप्रकाश साहू , अमिताभ दुफारे,जाकेश साहू, लक्ष्मी देवांगन, धनलक्ष्मी महोबिया , प्रीति लाटिया सहित समस्त संगठनों के जिला पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

फेडरेशन के जिला महासचिव सतीश व्यवहारे और पीआर झाड़े व अमिताभ दुफारे ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत राज्य सरकार द्वारा अभी तक कर्मचारियों की कोई भी मांगें पूरी नहीं की जा रही है।मूल मांगे तो दूर बल्कि हमे डीए और एचआरए भी नसीब नहीं हो रहा है। इसी मांग को लेकर आज प्रदेश के सभी 33 जिलों के साथ साथ राजनांदगांव जिला मुख्यालय में भी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।यदि शीघ्र ही मांगे पूरी नहीं की गई तो आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।आज के आंदोलन में प्रमुख रूप से महेश्वर प्रसाद, सिद्धार्थ चौरे, भेलसिंह वर्मा, हरिश्चंद यादव, संतोष चौहान, भूपेंद्र कांडे, भूपेंद्र गणवीर, उपेंद्र रामटेके, अरुण देवांगन, अजीत दुबे, संजय तिवारी, राजशेखर मेश्राम, रामनारायण सिंह बघेल, उत्तम फंदियाल, जयंत बावने, दिलीप वारले, रामदुलार साहू, डीएल चौधरी, विजय यदु, देवेंद्र सिंह ठाकुर, श्रीमती दुर्गा जानौद, मनीष साहू, राजेश निषाद, माधो सिंह, श्रीमती भावना ध्रुव, राजेंद्र लाडेकर, तिलक खांडे, राजीव टेमरे, मूलचंद बघेल, भुनेश्वर साहू, संतोष देवांगन, हीरालाल मोर्य, पुरूषोत्तम रामटेके, बंदिश नेमपांडे, श्रद्धा दुफारे ,पुष्पांजलि चंद्राकर,सुश्री धनेश्री बारिक, मीनाक्षी हेमने,अमित वैष्णव , अमीन कुरैशी,राकेश सिन्हा,आदि समेत जिले के हजारों कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित हुए।

## शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह संपन्न



**डोंगरगढ़।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ . ई. व्ही रेवती के मार्गदर्शन में एव एनएसएस महिला अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी ,पुरुष ईकाई अधिकारी हेमू राम पद्मे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वा स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर एव एनएसएस का लक्ष्य गीत का गान करते हुए किया गया ।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य , राजनीतिक विभागाध्यक्ष डॉ श्व्हड्डस्रद्दद्भश्च जामबूलकर, इतिहास विभागा अध्यक्ष डॉ आशा चौधरी,वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक अविनाश टेंभुकर , रमन साहू राजाराम सिन्हा,रोशन वर्मा उपस्थित थे । महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उद्बोधन में एनएसएस ईकाई के वॉलंटियर्स को राष्ट्र निर्माण के नायक कहा एव शिक्षा द्वारा समाज सेवा ,समाज सेवा द्वारा शिक्षा के उददेश से संबंधित जानकारी से एनएसएस वॉलंटियर्स को प्रेरित किया । डा आशा चौधरी द्वारा उद्बोधन में एनएसएस को साधनों के अभाव में भी कैसे आगे बढ़ते है और व्यक्तित्व विकास करते है इसकी जानकारी दी । डॉ प्रदीप जामबुल्कर एव डॉ आर. आर. कोचे ने एनएसएस को एक अच्छा प्लेटफार्म बताते हुए कहा कि ये एनएसएस एक ऐसा मंच है जिसमे नही बोल सकने वाला स्टूडेंट एक कैंप के बाद अपनी बात को बढ़ी ही नम्रता एवम नैतिकता के साथ रखने लगता है । एनएसएस महिला अधिकारी श्रीमति नीलम चतुर्वेदनी ने एनएसएस द्वारा स्टूडेंट्स को उत्तरदायित्व देकर आत्मविश्वास का निर्माण एवं आत्मविश्वास से निर्णय लेने की क्षमताओं का विकास होता है।एनएसएस पुरुष ईकाई अधिकारी हेमू राम पद्मे ने एनएसएस बैच के बारे में बताया , एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा ने अपने कॉलेज के टाइम का अनुभव सांझा किए । अविनाश टेंभुरकर ने एनएसएस को समाज सेवा का उत्तम माध्यम बताया ।उद्बोधन पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम का संचालन दलनायिका द्रोणिका द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण , एनएसएस के सभी ग्रुप लीडर अनंत सिन्हा , प्रिंस गुप्ता , नवीन गोशवामी, सुभाष , धनीता, आकांक्षा राजपूत खोमेश्वरि, ग्रेसी मांडवी, कपिल अंजलि एवम सभी वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ धमतरी जिले की बैठक में राजस्व पर चर्चा



**कुरुद, 28 सितंबर।** भारतीय किसान संघ धमतरी जिले की बैठक दिनांक 26 सितंबर 2024 नई किसी उपज मंडी प्रांगण में रखा गया जिसमें चारों ब्लॉक के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए इस बैठक के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाला रामचंद्राकर द्वारा संपन्न किया गया जिसमें किसानों के कृषि भूमि का पंजीयन नामांतरण के संबंध में विस्तृत चर्चा गया किया गया तहसील ऑफिस कुरूद एवं मंगरलोड में गैर विवादित नामांतरण समय सीमा के संबंध में तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा किन स्थानों को जानकारी के अभाव में परेशान होने की बात कही गई दूसरा मुद्दा कृषि भूमि की लगभग खसरा त्रुटि सुधार जो गैर विवादित है उसको समय सीमा का अंतर्गत नियम किसने को जानकारी देकर थोड़ी निराकरण किया जाए एवं किसानों के साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा उचित व्यवहार करने का आग्रह किया गया है तीसरा मुद्दा कुरूद से मेघा मार्ग पुल खराब होने से आवागमन अवरोध हो गया है। जिसके लिए अस्थाई रूप से सुविधा हेतु बायपास मार्ग अविलंब बनाने का मांग किया गया चौथा मुद्दा नेशनल हाईवे मरौद स्थानीय निवासियों से भी आने-जाने का चार्ज वसूल करना समझ पड़े हैं जबकि केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री गडकरी द्वारा स्थाई लोगों के लिए 20 किलोमीटर टैक्स माफ करने की बात बोला जाता है आखिर सच्चाई क्या है मंत्री जी झूठ बोल रहे हैं या ठेकेदार झूठ बोल रहे हैं इसका जिला प्रशासन नागरिकों को जानकारी दें अन्यथा आंदोलन का स्वरूप बड़ा हो सकता है चौथा मुद्दा धमतरी जिले में फसल चक्र परिवर्तन के तहत दलहन तिलहन को प्राथमिकता दें लेकिन किसानों को राज्य शासन समर्थन मूल्य में खरीदी की गारंटी प्रदान करें प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध हो किसानों को दलहन तिलहन पर प्रोत्साहन स्वरूप आर्थिक राशि प्रदान किया जाए।

उक्त समस्याओं के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कुरूद के माध्यम से जिला कलेक्टर राजस्व मंत्री कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया।

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ

## जल जगार कार्यक्रम की तैयारी



**कुरुद, 28 सितंबर।** जिला कलेक्टर द्वारा ,जल जगार कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम पंचायत चर्रा से आगामी जल जगार कार्यक्रम धमतरी हेतु जल संग्रह किया गया। साथ ही एक कदम स्वच्छता की ओर, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ,ग्राम के प्रत्येक पारा,मोहला,वार्ड,गलियों,में स्वच्छता सफ्ताह आयोजित कर जन जागरूकता लाने हेतु संकल्प लिया गया,इस महती कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चर्रा सरपंच श्री मति कमलेश्वरी ध्रुव,उपसरपंच ललिता यादव,श्री टीका राम ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि,भगवती साहू ,सावित्री ध्रुव,सुमित्रा पटेल, सूरजा साहू,प्रमिला साहू (कृषि सखी), कु रिंकी यादव,प्रेम ठाकुर(ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी),श्री वेद प्रकाश साहू (सचिव),रूपेंद्र ध्रुव,सरजू राम साहू,खिलेश्वर साहू,एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।।

## नक्सलियों के मनसूबे नाकाम, दो बंदी



**सुकमा,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के चिंतलनार क्षेत्र से जवानों को बड़ी सफलता मिली है। नक्सलियो के मंसूबे को किया गया नाकाम थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 02 नक्सलियों को 01 पाईप बम एवं 01 नग भरमार बंदूक के साथ गिरफ्तार करने में मिली सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता।दोनों गिरफ्तार नक्सली थाना चिंतननार क्षेत्र के निवासी है।नक्सलियों को गिरफ्तार करने में जिला बल, डीआरजी एवं 206 वाहिनी कोबरा की रही है संयुक्त कार्रवाई।जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की मौजूदगी की आसूचना पर 26.जूलाई 2024 को थाना चिंतलनार से जिला बल, डीआरजी एवं 206 कोबरा वाहिनी की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन हेतु ग्राम गड़गड़मेटा, मुकरम व आस-पास जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम मुकरम छोटा नाला के पास 02 संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा हाथ में जूट के बोरी तथा हाथ में कपड़ा से लिपड़ा हुआ लेकर सुरक्षा बलों की पार्टी को देखकर छिपते हुए भागने लगे, जिन्हें सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने माड़वी भीमा पिता स्व0 माड़वी नंदा उम्र 50 वर्ष करकनगुड़ा थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0), .कवासी बंडी पिता जोगा उम्र 45 वर्ष करकनगुड़ा थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0) का होना बताया गया।माड़वी भीमा के कब्जे में रखे जूट के बोरी की तलाशी लेने पर 01 नग पाईप बम वजनी लगभग 10 किग्रा. तथा कवासी बंडी के कब्जे में रखे साड़ी में लिपटा हुआ 01 नग भरमार बंदूक बरामद किया गया। आरोपियों से बरामद पाईप बम, भरमार बंदूक के रखे जाने के संबंध में गहन पूछताछ करने पर नक्सल संगठन में मिलिशिया सदस्य का काम करना तथा मौका देखकर पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से रखना बताये। उक्त कृत्य विधि के विरूद्ध पाये जाने से दोनों के खिलाफ थाना चिंतलनार में अपराध क्रमांक 17/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए 26.जूलाई .2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर 27.सितम्बर 2024 कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए आवेदन 9 अक्टूबर तक

**सुकमा,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डेबरू धुर महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तोंगपाल विकासखण्ड छिन्दगढ़ एक उत्पादक कंपनी है। इस विशेष परियोजना हेतु एफपीओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए क्रमशः 01-01 पद की भर्ती की जाएगी। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेतु शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि विषय में स्नातक अथवा एम.एस.डब्ल्यू स्नातकोत्तर उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए, कम्प्यूटर डिप्लोमा निर्धारित है। इसी प्रकार कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा हेतु शैक्षणिक योग्यता 12 वी उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए डिप्लोमा अथवा आई.टी.आई, कोपा निर्धारित की गई है। उक्त पदों के लिए लिखित व मौखिक परीक्षा 16 अक्टूबर को समय समय 11:30 से 12 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 27 सितम्बर से 09 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीक समय शाम 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से मुख्य कार्यापालन अधिकारी जनपद पंचायत छिंदगढ़ के पते पर भेज सकते हैं। वेतन में संशोधित करते हुए एफपीओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी के लिए एक मुश्त मासिक मानदेय 12 हजार रुपये एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए एक मुश्त मासिक मानदेय 8 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। क्रमशः विस्तृत जानकारी हेतु विवरण सुकमा जिले के अधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सुकमा डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन कर सकते है।

## किसानों को मिली मछलीपालन की तकनीकी जानकारी



**सुकमा,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरूवार को कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक डा. संजय सिंह राठौर ने धोबनपाल और पुजारीपाल के मछली पालकों के तालाब का निरीक्षण किया। धोबनपाल के एक मछली पालक कोसाराम मंडावी ने बावड़ी में मर रही मछलियों की जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक डॉ संजय सिंह राठौर को दी। उन्होंने मछली पालक को उचित सलाह देने के लिए उनके धोबनपाल स्थित तालाब का निरीक्षण किया और बताया कि उनकी मछलियों में किसी प्रकार की बीमारी नहीं है, समस्या पानी की गुणवत्ता में है। उन्होंने चूना 250 किलो/हे. और नमक 50 किलो/हे. डालने की सलाह दी। उन्होंने धोबनपाल स्थित अन्य तालाबों का भी निरीक्षण किया और किसानों को तालाब में मछली डालने से पूर्व गोबर, यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट डालने को कहा जिससे पानी में फाइटो और जूप्लैंक्टन विकसित हो और मछलियों को अधिक से अधिक प्राकृतिक चारा उपलब्ध हो सके। इससे दाना डालने की लागत कम होती है और मछली का समग्र विकास भी तेजी से होता है। इसके साथ उन्होंने पुजारीपाल स्थित तालाबों का भी निरीक्षण किया और किसानों को मछली पालन की तकनीकी जानकारी दी और उन्हें आश्वस्त किया कि परंपरागत तरीकों में थोड़ा सुधार करके किसान अपनी आय को दुगुना कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के ज्योतिष कुमार पोटला भी उपस्थित रहे।

## ठेकेदार ने नहीं बनाई आश्रम भवन की चारदीवारी

**सुकमा,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजधानी रायपुर से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र में छपे खबर ठेकेदार ने नहीं बनाई आश्रम भवन की चारदीवारी की वस्तुस्थिति अवगत करवाते हुए नोडल अधिकारी जिला निर्माण समिति ने बताया कि उक्त पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास तोंगपाल वर्तमान में अधूरा है और स्वीकृत प्राक्कलन में उल्लेखित चारदीवारी की लंबाई ज्यादा होने के फलस्वरूप चारदीवारी के निर्माण हेतु रिवाइज्ड एस्टीमेट के निर्देश दिए गए हैं। जिससे इस छात्रावास भवन के चारों तरफ चारदीवारी निर्मित कर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सम्बन्धित ठेकेदार से उक्त पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास भवन में आवश्यक सुधार करवाया जा रहा है। नोडल अधिकारी जिला निर्माण समिति ने अवगत कराया कि पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास तोंगपाल के भवन निर्माण हेतु कुल एक करोड़ 91 लाख 52 हजार रुपए प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इस कार्य के अहाता निर्माण 180 मीटर का प्रस्ताव स्वीकृत था,किंतु स्थल पर कुल 400 मीटर अहाता निर्माण की आवश्यकता थी अर्थात स्वीकृति से 220 मीटर अधिक थी। यदि स्वीकृति के अनुसार निर्माण किया जाता है तो अहाता अधूरा रहता और उक्त अहाता निर्माण औचित्यहीन हो जाता। इसे मद्देनजर रखते हुए पूर्व में स्वीकृत अहाता निर्माण रोक दिया गया है और रिवाइज्ड एस्टीमेट तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे भवन के चारों तरफ सुरक्षा के दृष्टिकोण से चारदीवारी निर्मित किया जा सके।

**एक नजर**

## कलेक्टर ने की बीजापुर में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



**बीजापुर,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री संबित मिश्रा की अध्यक्षता में इन्द्रावती सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीजापुर द्वारा जल जीवन मिशन योजना के प्रगति की समीक्षा किया गया तथा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया की जिन ग्रामों में पाईप लाईन विस्तार घरेलू नल कनेक्शन तथा सोलर कार्य पूर्ण हुए है उन ग्रामों में ठेकेदारों से तत्काल सोलर से पाईप लाईन जोड़कर योजना का लाभ ग्रामवासियों को दिया जावें। उसी प्रकार जिन ग्रामों में योजनाओं के कार्यादेश जारी किये गये है उन्हें तत्काल प्रारंभ कराकर गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण करावें और जिन ठेकेदारों द्वारा समय-सीमा के अंदर कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे है उनके अनुबंध निरस्त किये जाने की कार्यवाही करने तथा कलेक्टर द्वारा प्रगतिरत आरसीसी टंकी, हर-घर जल प्रमाणीकरण शीघ्रतापूर्वक कराये जाने के निर्देशित किये गये। जिले में प्रायः सभी योजनाएं सोलर आधारित है, इन योजनाओं में स्वीकृत सोलरों को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु क्रेडा के सहायक अभियंता को भी निर्देशित किये गये और जिले में जल जीवन मिशन के संचालन हेतु इम्पैनल्ड टीपीआई तथा आईएसए एजेंसी को भी सौंपे गये कार्य गुणवत्तायुक्त सम्पादन किये जाने के निर्देश दिये गये है। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री सहदेव राम नेताम, उपअभियंता, समस्त जिला समन्वयक, टीपीआई, आईएसए एजेंसी एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सराहनीय प्रयास

**धमतरी 28 सितम्बर।** आज के इस आधुनिक दौर में जल एवं जंगल के अंधाधुंध दोहन के चलते हमारी धरती के पानी के स्तर में लगातार गिरावट आ रही है, जिसका असर हाल ही में गर्मी के मौसम में कई बड़े शहरों में देखने को मिला है। लोग पानी के लिए किस तरह परेशान हुए है, वह भी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में देखने को मिला है। जिले में जल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक सराहनीय प्रयास किये है, जिनमें से एक है अमृत सरोवरों का निर्माण। जिले के चारों विकासखण्ड में कुल 119 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। इनमें धमतरी विकासखण्ड में 23, कुरूद मे 38, मगरलोड में 29 और नगरी विकासखण्ड में 29 अमृत सरोवर शामिल है।

धमतरी जिले के ग्राम कन्हारपुरी में निर्मित किये गये अमृत सरोवर को प्रदेश का सबसे बड़ा अमृत सरोवर बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस तालाब की खास बात यह है कि जितनी लागत इस सरोवर को बनाने में आयी, उससे अधिक आय भी पंचायत को हुई। यह संभव हो पाया संसाधनों के बेहतर उपयोग से। जहां एक ओर इस तालाब ने किसानों के लिए सिचाई सुविधा का एक नया रास्ता खोला दिया। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को सालभर निस्तारी की समस्या से भी मुक्ति मिल गयी, और भूमि का जलस्तर बना रहा। गौरतलब है कि धमतरी जिले में रेलवे द्वारा ब्राडगेज का काम किया जा रहा है। ग्राम कन्हारपुरी व आसपास में रेलवे को पटरी बिछाने के कार्य हेतु मुरुम व मिट्टी की आवश्यकता थी। रेल्वे विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर कन्हारपुरी ग्राम पंचायत के साथ मिट्टी निकालने का एग्रीमेंट कराया गया। मिट्टी गांव के मुरा तालाब में उस जगह से निकाली गई, जहां तालाब गहरीकरण का कार्य होना था। रेलवे के माध्यम से तालाब की आवश्यकतानुसार खुदाई कार्य कराया गया जिससे तालाब की पूरी तस्वीर ही बदल गई। इतने बड़े क्षेत्रफल में अब तक प्रदेश में कहीं भी अमृ सरोवर का तालाब नहीं बना है। इस तालाब में बारिश के मौसम में पानी के भराव के साथ ही हरियाली की चादर बिछी नजर आ रही है।

# वृंदावन के कृष्ण का रूप लेकर मंच पर पहुंचा नन्हा बालक

## अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम का पहला दिन बच्चों के नाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 28 सितंबर।** अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमो की भव्य शुरूवात हो चुकी है। दिन गुरूवार को दोपहर पश्चात खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शुरूवात हुयी थी,शाम के कार्यक्रम बच्चो के लिए निर्धारित किये गये थे। कृष्ण बनो प्रतियोगिता मे दो दर्जन से भी अधिक बच्चो ने अपने रूप की मनमोहक प्रस्तुती दी। नीरव गर्ग पिता आलोक गर्ग ने वृंदावन का कृष्ण की बेहद मनमोहक छटा बिखेरते हुये मंच पर जैसे ही प्रवेश किया मानो लोगो के मुंह से स्वतः ही जय श्री कृष्ण के बोल निकल पडे,इस बालक का रंग रूप एवं कला की सभी अग्रबंधुओ ने काफी प्रशंसा की। उन्होने अपने रूप एवं कला से कृष्ण बनो प्रतियोगिता मे पहला स्थान बनाया। दूसरे स्थान पर ईशांत पिता आयुष अग्रवाल एवं सैवी पिता संदीप गोयल का था,तीसरे स्थान पर ईशान पिता अनमोल बंसल थे। दिन गुरूवार को अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमो का आगाज हुआ था,सुबह अग्रसेन चौक पर आरती के पश्चात ध्वज रैली निकालकर अग्र बंधु अग्रसेन भवन पहुंचे थे,जिसके बाद खेलकूद के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शुरूवात हुयी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल,सचिव अनिल मित्तल के दिशा निर्देश पर अग्रवाल नवयुवक समिती के अध्यक्ष संस्कार गर्ग एवं सचिव वेदांत मित्तल की सहयोगी टीम द्वारा सभी कार्यक्रमो को बेहद उत्साह एवं खास तरीके से संपन्न कराया जा रहा है। दिन गुरूवार की शाम नौनिहालो के नाम रख दी थी। दूसरी प्रतियोगिता मे बच्चो को वेजिटेबल फरुट बनाने का आयोजन रखा गया था,इस प्रतियोगिता मे भी बच्चो ने अपनी कला बिखेरने से कही कोई कमी नही छोडी,इस प्रतियोगिता मे पहला स्थान अविका पिता विकास गर्ग का था,दूसरे स्थान पर रूही पिता आयुष गर्ग एवं तीसरे स्थान पर ऋषभ पिता मनीष गर्ग थे। तीसरी प्रतियोगिता मे वाईल्ड लाईफएनिमल बनने की थी,जिसमे प्रथम स्थान तनय पिता सुनील अग्रवाल व दूसरे स्थान पर प्राची पिता प्रिंस अग्रवाल का रहा।।

## मोबाइल एक बार फिर बना पिता की हत्या का कारण

**पत्थलगांव।** संचारक्रांति के युग मे मोबाईल एक बार फिर जी का जंजाल बनकर सामने आया। कलयुगी पुत्र ने पिता पर कुल्हाडी से जानलेवा हमला करते हुये उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पुत्र ने अपनी मां की भी लाठी डंडे से पिटायी कर उसे भी अधमरा कर दिया है,जिसका ईलाज यहा के सिविल हॉस्पिटल मे चल रहा है,घटना नजदीक ग्राम रघुनाथपुर के छुरीपहरी मौहल्ले की है,जहा का रहने वाला शैनाथ तिर्की अपनी पहली पत्नी से हुवे बेटे रंजित तिर्की और दूसरी पत्नी सुमाता तिर्की के साथ रहता है। कुछ दिन पहले शैनाथ का पुत्र रंजीत मजदुरी का काम कर रूपये इकटठा किया था,उन रूपयो को वह अपने पिता शैनाथ के पास जमा करा दिया था,उसने रूपये यह कहकर दिये थे कि जब उसे किसी तरह का काम होगा तो वह रूपये वापस ले लेगा,दो दिन पहले रंजीत को अपने मोबाईल मे रिचार्ज कराना था,जिसके लिए उसे रूपयो की दरकार पडी। रूपयो की दरकार पडने पर वह अपने पिता से अपनी मजदुरी के पैसे वापस मांगने लगा,परंतु पिता शैनाथ ने रूपये किसी कार्य मे खर्च हो जाने का हवाला देकर उसे कुछ दिन बाद रूपये वापस लौटाने की बात कही,जिस पर पिता पुत्र के बीच विवाद बढता चले गया,इस बीच रंजीत ने क्रोध मे आकर घर मे रखी कुल्हाडी से अपने पिता पर हमला कर दिया,इस हमले मे शैनाथ की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी,पिता पुत्र का विवाद के बीच सौतेली मां ने उन्हे छुडाने की कोशिश की थी,जिस पर क्रोधित पुत्र ने अपनी सौतेली मां पर भी लाठी डंडे से पिटायी कर दी,इस हमले मे मां भी बुरी तरह घायल हो गयी,जिसे पत्थलगांव के सिविल हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया है,वही इस पूरी घटना मे पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृत शव को पंचनामा के लिए भेज दिया है। वही आरोपी पुत्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की कलमबंद हड़ताल, सरकारी दफ्तरों में सन्नाटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर,28 सितंबर। प्रांतीय आह्वान पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा पूरे राज्य भर में 112 सदस्य संगठन को साथ लेकर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें बीजापुर जिला भी सम्मिलित होकर चारों ब्लॉक के पदाधिकारी एवं कर्मचारी धरने पर बैठे रहे। फेडरेशन के बैनर तले आयोजित इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन से पहले 2 बार ज्ञापन के माध्यम से शासन को अवगत कराया गया कि केंद्र के समान राज्य के कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ता दिया जाए, सेवाकाल के दौरान चार स्तरीय पदोन्नति दिया जाए, 300 दिन का अवकाश नगदीकारण जो मध्य प्रदेश सरकार दे रही है उसी की भांति छत्तीसगढ़ में भी लागू किया जाए साथ ही गृह भाड़ा में वृद्धि इन चार प्रमुख मांगों को लेकर पूरे प्रदेश के सभी कर्मचारी कलम बंद काम बंद कर धरना देकर शासन का ध्यान आकर्षण कर रहे हैं।जिला मुख्यालय बीजापुर में धरना प्रदर्शन स्थल पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित कर्मचारी साथियों को वन विभाग के विश्वनाथ मांझी जिला अध्यक्ष से उद्बोधन प्रारंभ किया गया तत्पश्चात शिक्षक संघ से कामेश्वर दुब्बा लघु वेतन एवं चतुर्थ वर्ग संघ से गणपत गुरला एवं जिला अध्यक्ष मोतीराम बेलसरिया,आईसीडीएस विभाग से प्रियंका देहारी, महिला प्रकोष्ठ से रेशमा गोड्डे,पंचायत सचिव संघ से शंकर जुमार,राजस्व पटवारी संघ से शंकर लाल कतलाम एवं सुमन शर्मा सहायक शिक्षक फेडरेशन से शांतिलाल वर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, नर्सिंग संघ से गौरी हुसैन डिप्लोमा इंजीनियर संघ के प्रांतीय अंकेक्षण पदाधिकारी धनंजय देवांगन ने संगठन की शक्ति एकता और विगत आंदोलनों में मिली सफलता को बताकर प्रेरित किया। फेडरेशन केजिला सचिव कैलाश रामटेके, जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर खान एवं जिला संयोजक एवं शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष, संभाग अध्यक्ष के.डी.राय ने अपने संबोधन में फेडरेशन के द्वारा हड़ताल के संबंध में पूरे विस्तार से अपनी बात रखी। किस तरह से कर्मचारियों को अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल करना पड़ रहा है । जब पिछली सरकार में हम डी.ए.को लेकर आंदोलन कर रहे थे तो उस समय विपक्ष में रहने वाली आज की सरकार के नुमाइंदे मंचों पर आकर आश्वासन देते थे कि हमारी सरकार आते ही आपको केंद्र के समान महंगाई बता देगी ये मोदी की गारंटी है परंतु सरकार के 10 महीना बीतने के बावजूद भी अभी तक केंद्र के समान मंहगाई भत्ता राज्य करचारियों को नहीं दिया जा रहा है । वर्तमान में राज्य सरकार 36 त्नडी.ए.दे रही है और केंद्र 40त्नडी ए. केंद्रीय करचारियों को मिल रहा है 4त्न अभी भी राज्य कर्मचारी पीछे चल रहे हैं । आने वाले दिनों में यदि सरकार सरकार जल्द से जल्द मांग पूरा नहीं करेगी तो पूरे प्रदेश के सभी कार्यालयों में ताला लगेगा एवं सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल की ओर अग्रसर होंगे जिसका खामिया आने वाले पंचायती और नगर पंचायत चुनाव में शासन को भुगतना पड़ सकता है। मंच पर जिला संयोजक एवं जिला अध्यक्ष को समग्र शिक्षक संघ एवं सहायक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा के नेतृत्व में अपने शिक्षक साथियों की वेतन विसंगति दूर करने को लेकर प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा से बात कर फेडरेशन के माध्यम से समाधान की पहल करने हेतु मांग पत्र सौंपा। सभी वक्ताओं के सारगर्भित जोशीले उद्बोधन के पश्चात राष्ट्रगान कर धरना स्थल पर धरने का समापन किया गया । विकास खण्ड उसूर मे अनिल झाड़ी,भैरमगढ़ मे राजेन्द्र बलेन्द्र,भोपाल पटनम मे कमल सिंह कोर्राम के नेतृत्व मे धरना प्रर्दशन किया गया।पूरे कार्यक्रम में मंच संचालन फेडरेशन के प्रवक्ता एवं तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बीरा राजबाबू के द्वारा किया गया।

# निगम कार्यालय के सामने धरने पर पार्षद रविन्द्र ने दी 2 अक्टूबर से भूख हड़ताल की चेतावनी



**रायगढ़, 28 सितम्बर।** धरमजयगढ़ नगरीय क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की बदहाल व्यवस्था को सुधारने की मांग को लेकर नगर पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद रविन्द्र राय बीते दो दिनों से म्युनिसिपल दफ़्तर के सामने धरने पर बैठे हुए हैं। पार्षद का आरोप है कि उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदन देकर व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की थी, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत अधिकारी द्वारा उनके आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। अपनी मांग पूरी नहीं होने से नाराज वार्ड पार्षद ने कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन की चेतावनी कुछ दिनों पहले ही दे दी थी।

वार्ड मेंबर रविंद्र राय द्वारा हाल ही में दिये गये आवेदन पर उल्लेख किया गया था कि अगर 10 दिवस के भीतर जनसमस्या निवारण शिविर में दिये गये आवेदन पर अगर कार्यवाही नहीं होता है, यदि नगर की व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो नगर पंचायत ऑफिस के सामने वे धरना देंगे। लेकिन वार्ड पार्षद के मुताबिक दिए गये चेतावनी के बाद भी नगर पंचायत कार्यालय के जिम्मेदारों ने नगरीय क्षेत्र की बदहाल व्यवस्था को दुरूस्त करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसके कारण पार्षद नगर पंचायत ऑफिस के सामने धरने पर बैंठ गये हैं। रविन्द्र राय ने बताया कि अगर आगामी 1 अक्टूबर तक नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था को नहीं सुधारते हैं तो 2 अक्टूबर, गांधी जयंती के दिन से वे भूख हड़ताल पर बैंठेगे। उन्होनें बताया कि जब तक नगर पंचायत की बदहाल व्यवस्था सुधर ना जाये तब तक वे आंदोलन करते रहेंगे।

## पोषण माह और सक्षम सप्ताह अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्यशाला आयोजित

**महासमुंद 28 सितंबर।** जिले में पोषण माह के अंतर्गत सक्षम सप्ताह का आयोजन 24 से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभागार में शहरी परियोजना के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें विविध व्यंजन, प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर आंगनबाड़ी केन्द्र सक्षम हो। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों को अधिक से अधिक जनसमुदाय के साथ जोड़ा जाए।

# अटल विहार गृह निर्माण रख-रखाव सहकारी समिति भंग, सहकारी निरीक्षक अविनाश कश्यप बनाये गए प्राधिकृत अधिकारी



**रायगढ़, 28 सितम्बर।** रायगढ़ की सबसे बड़ी हाऊसिंग सोसायटी को लेकर मचे विवाद पर सहकारी संस्थाओं के उपपंजीयक ने बड़ा फैसला लेते हुए अटल विहार गृह निर्माण रख-रखाव समिति को भंग कर दिया है और समिति का प्राधिकृत अधिकारी सहकारी निरीक्षक अविनाश कश्यप को नियुक्त किया है।

विभाग की ओर से जारी आदेश में यह स्पष्ट उल्लेख है कि अटल विहार समिति के पूर्व अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारिता अधिनियम व संस्था पंजीकृत उपविधि के प्रावधानों एवं नियमों का अवहेलना किया जा रहा है। संचालक मंडल द्वारा घोर लापरवाही पूर्वक कार्य कर अपने कर्तव्यों के पालन में घोर उपेक्षा कर समिति को साख के साथ-साथ अर्थिक क्षति पहुंचाई है। अतरू इन्हें अपने पद पर बने रहने के लिये अयोग्य घोषित किया जाता है।जाँच में यह भी पुष्ट हुआ कि संस्था के पदाधिकारियों ने संस्था के मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ-सफाई, पानी, सुरक्षा, लिफ्ट, बिजली आदि की सुविधाएं सदस्यों को देने में नाकाम रही। सहकारिता अधिनियम के तहत दस्तावेजों का संधारण किया जाना नहीं पाया गया। संस्था ने कार्रवाई पंजी के गुम होने की सूचना पुलिस को दी पर विभाग को नहीं दी, साथ ही संस्था के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी को अविश्वास प्रस्ताव के तहत हटा कर नये अध्यक्ष उपाध्यक्ष का मनोनयन कर कार्य संचालन किया जा रहा है जो कि छ.ग.सहकारी निवार्चन आयोग के नियमों के प्रतिकूल है।

### क्या है पूरा मामला

छग हाऊसिंग बोर्ड द्वारा कोतरारोड अटल बिहार योजना के तहत 496 मकानों का निर्माण कराया गया है जिसके विकास और रखरखाव हेतु 1 करोड़ रुपए हाऊसिंग बोर्ड के पास जमा थी जिसे कॉलोनी की समिति गठित होने के बाद सुरक्षा निधि के नाम पर बनाए गए फंड को कॉलोनी के विकास और रखरखाव हेतु समिति को हस्तांतरित कर दिया गया था लेकिन अब कॉलोनी में ही रहने वाले कुछेक लोगों द्वारा वित्तमंत्री ओपी चैधरी से लिखित शिकायत की गई है कि समिति के सक्षम पदाधिकारियों द्वारा लाखों रुपए की धांधली की गई है जिसके बाद मंत्री ओपी चैधरी ने कथित घोटाले के निष्पक्ष जांच कराने हेतु सहकारिता विभाग के उपायुक्त श्री जायसवाल को निर्देशित किया गया और इसी तारतम्य में सहकारिता विभाग के उपायुक्त जायसवाल द्वारा दो विस्तार अधिकारियों की अगुवाई में एक जांच टीम का गठन किया गया जिनके द्वारा गत 15 सितंबर को शिकायतकर्ताओं के बयान लेने बाद समिति के तत्कालीन अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को नोटिस जारी करते हुए रोकड़ पंजी, पंजीयन पंजी, कार्यवाही पंजी, जनरल लेजर, वसूली पंजी, आय व्यय से संबंधित जरूरी सभी प्रमाणिक दस्तावेज और बैंक स्टेटमेंट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रस्तुत होने को कहा गया था जिसमें तत्कालीन समिति के अध्यक्ष और सचिव द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जांच समिति को उपलब्ध कराए जाने की बात सामने आई थी।

## मनरेगा के प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत 37 श्रमिकों ने लिया प्रशिक्षण

**बीजापुर 28 सितंबर।** प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिको को मछली पालन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया गया है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में 18 सितंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागीय गरीबी उन्मूलन योजनाओं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति परियोजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती हुई अर्थ - व्यवस्था में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन करना है ताकि आय का स्थायी साधन प्राप्त हो सकें।इस प्रशिक्षण में कुल 37 जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किए, जिन्हें धमतरी से आए मास्टर ट्रेनर अविलाश निषाद द्वारा मछली पालन की बारीकियों से अवगत कराया गया। इसी कड़ी में नैमेड स्थित हेचरी ले जाकर प्रायोगिक रूप मछली बीज तैयार करने की विधि का अवलोकन कराते हुए मछली पालन हेतु तालाब की साइज और मछली पालन की वैज्ञानिक विधि की विस्तृत जानकारी दी गई।



## सुदूर क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया दौरा



**बीजापुर,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार अर्न्तगत संचालित विकास कार्यो का जायजा लेने कांवड़गांव, हिरोली, पुसनार एवं गंगालूर पहुंचकर विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान हिरोली कैम्प के समीप निर्माणधीन पुल, कांवड़गांव में निर्माणधीन पीडीएस गोदाम एवं पुसनार में निर्माणधीन आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान कांवड़गांव स्कूल के बच्चों से मिलकर उनकी पढ़ाई एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी शिक्षादूत से ली तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए चिकित्सा अधिकारी गंगालूर को आवश्यक निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्यकर्मी, डाक्टर, दवाईयों की उपलब्धता, मौसमी बीमारियों, मलेरिया इत्यादि के जांच एवं उपचार सहित अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।कन्या रेसीडेंसियल गंगालूर में बच्चों की पढ़ाई, भोजन व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन कर मच्छरों से बचाव हेतु खिड़कियों में जाली लगाने, परिसर को साफ-सुथरा रखने, मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता रखने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रेड्डी के पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों को दी जाने वाली खाद्यान के बारे में जानकारी ली एवं दुकान में रखे राशनकार्डो को हितग्राहियों को वापस करने के निर्देश दिए।तहसील कार्यालय गंगालूर में प्राप्त सभी प्रकार के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश तहसीलदार को दिए। वहीं ग्राम पंचायत गंगालूर के मोदीपारा में स्थित आंगनबाड़ी का अवलोकन कर दर्ज बच्चों एवं हितग्राहियों की जानकारी ली। इस दौरान उद्यान रोपणी केन्द्र पामलवाया का भी अवलोकन किया पामलवाया में क्रेडा के सोलर लाईट का सुधार करने के निर्देश दिए। पौधोत्पादन बढ़ाने, ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर का उत्पादन सहित अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने के लिए सहायक संचालक उद्यानिकी को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भोपालपटनम-गोटाईगुडा में हुआ डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन




**भोपालपटनम, 28 सितंबर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राम गोटाईगुडा( भोपालपटनम) में 27 सितम्बर शुक्रवार को डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप कुमार उइके (सीईओ भोपालपटनम ) मंचासीन रहे। साथ ही कार्यक्रम में ग्राम सचिव एवं महिला सहायता समूह के सदस्य एवं अन्य ग्रामीण महिला पुरूष, स्कूली बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित समस्त शाखा डाकपाल उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम इसलिए रखा गया है ताकि ग्रामीणों को भटकना न पड़े। ततपश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि केंद्र शासन डाक विभाग के माध्यम से गांव गांव में चौपाल लगाकर विभाग में उपलब्ध सेवाओ को जन जन तक पहुँचाने का लक्ष्य इस मौके पर मुख्य अतिथि दिलीप कुमार उइके (ष्टश्वह्र)द्वारा ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन के लाभ से अवगत कराने के निर्देश दिए एवं प्रतिमाह अधिक से अधिक खाते खोलने के लिए प्रोत्साहित किये। उन्होंने आगे कहा वित्तीय समावेशन से बचत की भावना विकसित होती है। डाकघर में बचत कर ग्रामीणजन आर्थिक रूप से सक्षम हो सकते है। उप संभागीय निरीक्षक एस. के. पैंकरा और ढ्ढक्कक्क के शाखा प्रबंधक आशुतोष पात्रा उपडाक पाल भोपालपटनम शेख इमरान जी द्वारा डाक विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित समस्त ग्रावासियों को विस्तृत जानकारी दी गई। त्तष्ठस् संतोष एंडरीक एवं प्रूदवी द्वारा साइबर क्राइम से होने वाले धोखाधड़ी ठगी के सम्बंध में जागरूक किया गया आज के डाक चौपाल कार्यक्रम में कुल बीमाधन 24 लाख का ग्रामीण डाक जीवन बीमा, 10 लाख का डाक जीवन बीमा सुकन्या समृद्धि के 2 खाते, पीपीएफ के 1 खाते, पीओएसबी के 2 खाते, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के 13 खाते, और 6 छोटे बच्चों के आधार बनाये गए। ग्रामीणों के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित काउंटर लगाए गए थे। जैसे आधार, आईपीपीबी, बीमा, बचत खाता, आधार से रकम निकासी इत्यादि जिसमें मौके पर ही ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार के सुविधाओं जैसे बाल आधार आधार सीडिंग खाता, विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति खाता, सुकन्या खाता, आरडी खाता, महिला सम्मान बचत खाता एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के खाते खुलवाये गए।

## संबंधित विभागीय अधिकारियों पर न जाने कब होगी कार्रवाई

**बीजापुर,28 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**जब तक मुख्य मास्टर माइंड अधिकारियो का नाम सामने नही आयेगा कमीशनखोरी नही रूकेगा, तब तक छोटे कर्मचारियों को ही कार्यवाई होते रहेगा। ऑडियो रिकॉर्डिंग के अनुसार कार्यवाई होना चाहिए उसमे पूर्व में जो पिछले वर्ष का कमीशन का हिसाब भी बताया जा रहा है इसका भी जांच करना चाहिए, अगर उक्त लोगो पर भी कार्यवाई नही हुआ तो ढ्ढस्स्न इस मुद्दे को कठोरतापूर्वक उठायेगा। ऐसे कार्यवाई बहुत देखे है कभी भी छोटे वर्ग के कर्मचारियों के खिलाफ गाज गिरता है, जो ऑफिस में बैठकर चंदा लेने का निर्देश दे रहा है जो मुख्य गुनहगार है, वो उल्टा बेचारो पर कलम चला रहा है, हमको पता है कौन सही कौन गलत इस मुद्दे को प्रमुखता से उटायेगा, केवल अवैध वसूली ही नही नियुक्तियों पर भी कमीशनखोरी का मामला है, अधीक्षक, सीआरसी, बीआरसी से लेकर मंडल संयोजक व अन्य पदों पर भी नियम विरूद्ध किया जा रहा है, कनिष्ठता या वरिष्ठता नही बल्कि कमीशन राशि की वरिष्ठता के अनुसार नियुक्तियां हो रहा है। ये पुरा शिक्षा विभाग का ये ही हाल है छात्रावास, आश्रम, पोटाकेबिन एक कमीशन केंद्र बन चुका है, इन संस्थानो में गरीब आदिवासी बच्चे जिले भर के समस्त छात्रावास,आश्रम, पोटाकेबिनों में 21 से 22 हजार छात्र छात्राए पढ़ाई कर रहे है इन छात्रों के लिए करोड़ों राशि उनकी पढ़ाई से लेकर समस्त अवश्यकताओं के लिए आता है, इन बच्चो का पैसो को नेता व अधिकारी मलाई ले रहे है, आज भी हर स्कूल आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन में जाकर देख लो अव्यवस्थाओ से व्याप्त है। छात्रों को सही भोजन नही मिल रहा है शिक्षा सही नही मिल रहा है, इस पर जिम्मेदार नेता-अधिकारी ध्यान नही पर आदिवासी छात्रो का शोषण किया जा रहा है।

## प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 28 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत नदी में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक श्री कुरसम रमेश के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती कुरसम सरिता को 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 28 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लाक चारामा के द्वारा प्रांतीय आह्वान के चरणबद्ध आंदोलन के तहत एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करके प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा प्रदीप बैद्य को सौंपा गया हैं। पहले भी कलेक्टर रायपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर फेडरेशन के चार सूत्रीय मांगों से अवगत कराया गया है। तत्कालीन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आंदोलन के माध्यम से लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। लेकिन खेद के साथ कहना पड़ता हैं] कि निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही नहीं होने के कारण प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी काफी आक्रोशित हैं।

भाजपा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाये। भाजपा ने घोषणा पत्र प्रदेश में शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने का वादा किया था तथा केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता भी दिया जाए। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आयोजित हुए बैठक में शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैये के लोकतांत्रिक विरोध एवं माँगों के निराकरण हेतु शासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए झन करव इनकार हमर सुनव सरकार बैनर के तहत चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। आज के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सभी संगठनों के ब्लाक पदाधिकारी तथा सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी साथी शामिल रहें।

## समाचार संक्षेप

### न्याय यात्रा में शामिल हुए भखारा ब्लाक के कांग्रेसी



**भखारा, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में भाजपा सरकार के कुशासन में व्याप्त हत्या, चोरी, बलात्कार, बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के तपोभूमि गिरौदपुरी से रायपुर 125 किलोमीटर की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा आयोजित है जिसमें ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के अध्यक्ष राजू साहू ने कहा यह यात्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश में 8 महीने पहले आई भाजपा सरकार की नाकामी के विरोध में है भाजपा की सरकार केवल और केवल खानापूर्ति में व्यस्त हैं एक ओर जहां गृह मंत्री के विधानसभा में 3 मौत और पुलिस कस्टडी में लोहारीडीह के युवक प्रशांत साहू की मौत, बलौदाबाजार कांड में निर्दोष को जेल भेज गया और असंख्य बलात्कार जैसी घटनाओं और शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसे जन कल्याण के कार्यों में असफल रही है जुमलो और बेबुनियाद वादे के साथ सरकार में आकर छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को छलने का काम कर रही है जिला उपाध्यक्ष भरत नाहर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति लेटर नई मिल पा रहा है और ट्रांसफर में भी मंत्री के बंगलो में घुस लिया जा रहा है भ्रष्टाचार, लूट की घटना आम हो चली है इस यात्रा में ब्लाक उपाध्यक्ष महेंद्र साहू, महामंत्री अविनाश गौर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, एवन साहू सम्मिलित हुए।

### प्रेस क्लब भखारा ने नवपदस्थ सीएमओ का किया स्वागत



**भखारा, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार को प्रेस क्लब भखारा ने नगर पंचायत भखारा में नवपदस्थ सीएमओ संतोष विश्वकर्मा से भेंट मुलाकात कर गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।प्रेस क्लब भखारा ने सीएमओ विश्वकर्मा से मुलाकात कर नगर की मौजूदा स्थिति पर सकारात्मक चर्चा किया।इस दौरान सीएमओ विश्वकर्मा ने कहा कि नगर में मूलभूत सुविधाओं की विस्तार पहली प्राथमिकता होगी।नगर में बिजली, पानी, और सफाई पर विशेष कार्य करने की बात कहा है एवं नगरवासियों से स्वच्छता के प्रति अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता मित्र के साथ-साथ आमजन एवं व्यापारियों को नगर की साफ-सुथरा रखने के लिए सजग रहने की जरूरत है नगर पंचायत द्वारा लोगों को स्वच्छता से प्रेरित करने के लिए नगर में दीवाल पेंटिंग, बैनर, पोस्टर के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है स्वच्छता नगर की प्रत्येक लोगों की जिम्मेदारी है जिसे हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और अपने आसपास का वातावरण साफ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए है। इस दौरान प्रेस क्लब भखारा के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, उपाध्यक्ष राजेश रात्रे, सचिव युगलकिशोर साहू, संरक्षक मोहम्मद रशीद, कोषाध्यक्ष खिलेश साहू, प्रीतम टंडन, नितेश मानिकपुरी, दिग्विजय सिंह, सूरज सिन्हा मौजूद रहे।

## एक नजर

### अंवरी महामाया में क्वांर नवरात्र की तैयारी जोरों पर



भखारा, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रतिवर्ष की भातिं इस वर्ष भी ग्राम अंवरी के हृदय स्थल बाजार चौक में स्थित मां महामाया के दरबार में ज्योति कलश स्थापना किया जा रहा है जिसमें तेल ज्योति 701रुपये निर्धारित किया गया है जो भी श्रद्धालु अपने मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करना चाहते हैं वह समिति से संपर्क कर ज्योति प्रज्वलित कर सकते हैं।

### शादाब जालियांवाला बनाए गए शास. गजानंद अग्रवाल कालेज के विधायक प्रतिनिधि



**भाटापारा, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधायक इंद्र साव के द्वारा कर्मठ जुझारू मिलनसार शादाब जलियांवाला को शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। जलियांवाला ने बताया कि उनका प्रथम प्रयास रहेगा, छात्र हित में यथा संभव प्रयास करना महाविद्यालय के हर एक छोटे-बड़े समस्या का यथाशीघ्र निराकरण करना। ज्ञात हो कि शादाब जलियांवाला वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला महासचिव के पद पर रह कर विद्यार्थियों के समस्याओं को समय-समय पर उठा कर महाविद्यालय में सक्रिय रूप से भूमिका निभाते आ रहे है। राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने वाले जलियांवाला, शुरू से ही छात्र हित की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने के बाद शादाब के ऊपर दायित्व है कि, अब वह महाविद्यालय को एक नए आयाम तक ले जाने का प्रयास करेंगे।

### विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है एनएसएस : संतोष सोरी

**छुरा, 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले गरियाबंद जिले सक्रीय स्वयंसेवक संतोष सोरी ने अपना विचार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि हर साल राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) दिवस 24 सितंबर को पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास और चरित्र निर्माण के साथ साथ राष्ट्र सेवा के लिए जागरूक करना है। जो कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत युवाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम संचालित करती है। एनएसएस में शामिल होने वाले छात्रों को 2 साल में 240 घंटे कार्य पूर्ण करना होता है जिसके बाद उन्हें विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से प्रमाण पत्र दिया जाता है। जो क्रमश:८, क्चऔर ष्ट प्रमाण पत्र में विभक्त रहता है। साथ में यूनिट कैंप, स्टेट कैंप, नेशनल कैंप में भाग लेने का अवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त ऋष्ठष्ट परेड में चयन होने वाले छात्रों को दिल्ली के लालकिला में 15 अगस्त और 26 जनवरी को होने वाले परेड ग्राउंड में एनएसएस की ओर से शामिल किया जाता है। एनएसएस के गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के लिए कार्य करते हैं।

# अस्पताल के कमरे में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा-नेवरा, 28 सितम्बर।** तिल्दा-नेवरा वार्ड क्रमांक 4 स्थित उत्तम हॉस्पिटल में नर्स के रूप में काम कर रही महिला ने हॉस्पिटल के एक कमरे में ही फांसी पर झूल गई। बताया जा रहा है। की महिला लम्बे समय से काम कर रही थी महिला का नाम सुमित्रा देवांगन 35 वर्ष शिक्षक कालोनी तिल्दा की रहने वाली है। वहीं तिल्दा नेवरा थाना को सूचना मिलने पर तिल्दा पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं फांसी लगाने का कारण अभी अज्ञात बताया गया है। आपको बता दे की यह उत्तम हॉस्पिटल पूर्व में शोभा हॉस्पिटल के नाम से संचालित था जहां सितम्बर 2017 में ग्रामीण महिला को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में शोभा हास्पिटल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया था रायपुर के डॉ अविनाश चतुर्वेदी की टीम नें तिल्दा बीएमओ डॉ आशिष सिन्हा के साथ शोभा हॉस्पिटल पहुंचे जहां अस्पताल के गेट पर पहले से ताला लटका हुआ था और संचालक डॉ बीके विश्वास मौके से नदारद था. टीम ने अस्पताल के सभी गेटों पर ताले जड़ कर सील लगादिया था। ऐसा पहली बार हुआ था जब तिल्दा में किसी निजी अस्पताल को प्रशासन द्वारा सील किया गया था . प्रशासन ने माना है कि शोभा हॉस्पिटल ने निर्धारित मानक पूरे नहीं किए थे, साथ ही मरीज की जान से खिलवाड़ किया था।

गौरतलब है कि पिछले दिनों शोभा हॉस्पिटल में इलाज कराने आई महिला को अस्पताल द्वारा एच आईवी संक्रमित रक्त चढ़ा दिया गया. मामले का खुलासा होते ही पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी. मामले में हॉस्पिटल संचालक डॉ बीके विश्वास सहित उसके साले महेश्वर विश्वास का नाम सामने आया था. यह हॉस्पिटल कुछ वर्षो तक बंद था बाद में इसके संचालक ने इसका नाम परिवर्तन कर उत्तम हॉस्पिटल कर दिया जहां पर एक नर्स द्वारा आत्महत्या किया गया उसके हाथ से सोसाइड नोट मिला है जिसे हेंड राइटिंग एक्सपर्ट से जाँच करवाने की बात मौके पर उपस्थित लोगो के द्वारा किया जा रहा था है जो जाँच का विषय है मृतिका के शव को पोस्मार्डम गृह भेजने के लिए नर्सिंग होम संचालक द्वारा एक एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं कर पाना चर्चा का विषय था अस्पताल के सामने कचरे का भंडार और गंदगी इतनी है जिसकी भयानक बदबू अस्पताल के अंदर तक जाती है यहाँ पर कही ना कही प्रशासन की चूक दिख रही है और स्वास्थ विभाग संदेह के घेरे में है जिस रायपुर के एम बी बी एस डाक्टर सिद्धार्थ सिसोदिया का नाम लिखा गया है की वह 24 घंटे उपस्थित रहते है उनसे सम्पर्क करने का प्रयास किया गया पर उन्होंने फोन नहीं उठाया कई सवाल ऐसे है जिसका जवाब किसी के पास नहीं है आखिर कर सुमित्रा देवांगन ने हॉस्पिटल में अपनी जान क्यों दी उत्तम हॉस्पिटल को संचालन की परमिशन किसने दिए सवाल कई है। तिल्दा की बी एम ओ उमा पैकरा ने कहा की उत्तम हॉस्पिटल का संचालन डाक्टर सिद्धार्थ सिसोदिया द्वारा किया जा रहा है अगर डाक्टर 24 घंटे उपलब्ध नहीं रहते है और उनकी गैर मौजूदगी में किसी और डाक्टर द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है तो उनको अस्पताल बंद करना पड़ेगा।

# आजादी में स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख योगदान : सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 28 सितम्बर।** स्वदेशी सप्ताह के अन्तर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के पूर्व आचार्य योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा ने स्वदेशी आंदोलन के इतिहास पे प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय आजादी में स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख योगदान रहा है। 1095 में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जी ने स्वदेशी आंदोलन का आगाज किया और विदेशी वस्तुओं की होली जलाई लोकमान्य गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी के स्वदेशी और बहिष्कार के आंदोलन से प्रेरित होकर विदेश वस्त्रों से भरी लारी को रोकते हुए बाबू गेनू शहीद हो गए। अंग्रेजों की हुकूमत देश को आर्थिक रूप से लूट रही थी। अंग्रेज कपास, रेशम, पटसन व लोहा आदि कच्चे माल को भारत से विदेश ले जाते और लंदन से माल लाकर महंगे दामों पर बेचते। अंग्रेजों की इस कुटिल अर्थनीति को विफल करने के लिए लोकमान्य गंगाधर तिलक व महात्मा गांधी ने स्वदेशी अपनाने और विदेशी माल का बहिष्कार करने का अभियान चलाया था। बाबू गेनू ने इसमें पूरी शक्ति से भाग लिया। इस प्रकार बाबू गेनू के बलिदान दिवस को पूरे देश में प्रथम स्वदेशी आंदोलन के शहीद माने जाते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगर हम अपने स्वदेश की चीजों पर पैसा खर्चेंगे तो जो हमारे उत्पादक भाई बंधू जो गरीब तबके के हैं, उन्हें और पैसा मिलेगा। इससे वो और अच्छी वस्तुओं का निर्माण करने में लगाएगे और हमको और बेहतर सामान मिलने लगेगा। साथ ही स्वदेशी प्रचारक ने जनता को जागरूक करते हुए कहा कि कुछ त्याग आप करोगे तो ही यह देश खड़ा होगा और आप और आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। विदेशी वस्तुओ और कंपनियों का सामान खरीद कर आप धीरे-धीरे अपने देश का पैसा बाहर भेज रहे हैं और भारत में गरीबी को बड़ा रहे हैं। इसके साथ ही वर्तमान स्थिति को संज्ञान में लेते हुए कहा कि अभी भी हमने यदि ध्यान नहीं दिया, तो भारत में आर्थिक गुलामी आ जाएगी। भारत की अर्थव्यवस्था विदेशी कंपनियों की गुलाम बन जाएगी। इससे बचने का एक मात्र उपाय है स्वदेशी प्रचार। अपने जीवन में जितना संभव हो सके स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए। कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष वर्मा स्वदेशी जागरण प्रमुख अल्का सिन्हा टीकम मरकाम, किरण वर्मा, सेवक निषाद, हरीश शर्मा सीताचरण नेताम, ओम डहरिया, अजयकांत पांडे, टोमन ठाकुर, होरीलाल साहू एवम भैया बहन उपस्थित थे।

# पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 28 सितम्बर।** बलौदाबाजार जिले में पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन बलोदा बाजार वृत्त के अंतर्गत विद्युत विभाग के सभी अधिकारीगन कार्यपालन अभियंता सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता जिले में कार्यरत विद्युत ठेकेदार एवं आरईसी के अधिकारी सम्मिलित हुए कार्यशाला में पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से हितग्राहियों को दी जाने वाली सब्सिडी के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बताया गया कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना के लिए सभी बैंकों द्वारा बहुत कम दर पर ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है इस योजना के तहत सोलर रूफ टॉप के माध्यम से उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर बिजली का उत्पादन कर सीधे विद्युत कंपनी के ग्रिड से कनेक्टिविटी कर बिजली का उपयोग कर सकते हैं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक किलोवाट में राशि रुपए 30000, 2 किलोवाट में राशि रुपए 60000 तथा 3 किलोवाट एवं उससे अधिक के लिए अधिकतम राशि 78000 सब्सिडी योजना के तहत दिया जाना है उक्त जानकारी कार्यपालक निदेशक रायपुर ग्रामीण क्षेत्र संदीप वर्मा एवं अधीक्षण अभियंता जी पी अनंत बलोदा बाजार की उपस्थिति में दी गई कंपनी का राजस्व बकाया वसूली एवं ट्रांसफार्मर फेल काम करने हेतु समुचित प्रयास किए जाने का निर्देश भी कार्यपालक निदेशक द्वारा दी गई अंत में जीपी अनंत अधीक्षण अभियंता द्वारा उपस्थित अधिकारी गणों का आभार प्रकट कर धन्यवाद व्यापित किया गया।

## राम भक्ति में लीन हुए सुपेलावासी

# शुकदेव जन्म की कथा सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 28 सितम्बर।** ग्राम सुपेला (भखारा) में विगत 56 वर्षो की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 57वीं वर्ष की सोपान तय करने पितृ पक्ष के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है जिसमें शुक्रवार को दोपहर 3 बजे जय मां अन्नपूर्णा महिला रामधुनी मंडली ग्राम भैंसातरा के द्वारा शुकदेव के जन्म की कथा पर व्याख्यान कर रहे थे और बता रहे थे कि वे महर्षि वेद व्यास के अयोनिज पुत्र थे एक बार भगवान शिव अमर कथाएं सुना रहे थे तभी पार्वती जी को नींद आ गई इस दौरान वहां बैठे एक शुक ने हुंकारी भरनी शुरू कर दी, भगवान शिव को यह बात पता चली तो वे शुक को मारने के लिए दौड़ पड़े और उसके पीछे अपना त्रिशूल छोड़ा, शुक ने जान बचाने के लिए तीनों लोक में भाग रहे थे और अंत में व्यास जी के आश्रम में पहुंच गए वहां उसने सूक्ष्म रूप धारण कर व्यास जी की पत्नी की मुंह में घुस गया और उनके गर्भ में रह गया लोगों में मान्यता है कि वह बारह साल तक गर्भ में रहा जब भगवान श्रीकृष्ण ने उसे आश्वासन दिया कि बाहर निकलने पर माया का असर नहीं पड़ेगा तब वह गर्भ से बाहर निकला जन्म लेते ही वह तपस्या के लिए वन की ओर गया इस कथा को सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए इस अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ में प्रत्येक मंडलियों को 2501 रुपये सांत्वना राशि प्रदान की जारी है इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम विकास समिति के संरक्षक कृष्णदयाल साहू, सोनऊ राम देवांगन अध्यक्ष मूलचंद साहू, उपाध्यक्ष विष्णु राम देवांगन, कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह साहू, सचिव द्वारिका राम प्रधान, सदस्य पूरनलाल साहू, बुद्धदेव साहू, कामता देवांगन एवं कौशिल्या भंडार में रिखीराम साहू, विष्णु राम साहू, गुहलेद राम साहू, आशाराम साहू भंडारा में सेवा दे रहे है आयोजक समिति द्वारा आसपास से आए अतिथियों के लिए भंडारे में भोजन की व्यवस्था भी की गई है।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सत्यव्रत वर्मा पिता ओमप्रकाश निवासी गाजमर्रा पोस्ट भोथली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) मेरे बड़े भाई प्रभात कुमार पिता ओमप्रकाश की आर्मी भर्ती के दौरान भूलवश फैमिली वेरिफिकेशन कार्ड व सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम SATYAVVRAJ VERMA दर्ज हो गया है जबकि आधार कार्ड, 10वीं, 12वीं की अंकसूची में, जाति प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र सहित सभी शासकीय दस्तावेजों में SATYAVRAT VERMA पिता ओमप्रकाश निवासी गाजमर्रा, पोस्ट भोथली, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पिन कोड 491445 दर्ज है, चूंकि सत्यव्रत और सत्यविराज दोनों एक ही व्यक्ति है जिसके प्रमाण के तौर पर शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ ताकि मेरा नाम सत्यव्रत वर्मा पिता ओमप्रकाश ही पढ़ा, लिखा, सुना व माना जावे। जिस किसी को कोई उजर आपत्ति हो तो वो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे नोटरी के पास प्रस्तुत कर सकता है।

आवेदक
सत्यव्रत वर्मा

निवेदक
संजीव गोमास्ता
नोटरी डोंगरगढ़

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)

ई-कोर्ट क्रमांक/
202409200900027
अ-2/2023-24
ग्राम-बनियागांव प.ह.न.-15

## ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अमरेन्द्र साहा पिता श्री अमृतलाल साहा, जाति कायस्त, निवासी भेंलवापदर पारा कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम-बनियागांव में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 260/11, रकबा 0.089 हे. भूमि राजस्व अभिलेख, में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 15/10/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली

जावक क्र. 187 दिनांक-23.09.24

### //आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15 (क) अंतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी/निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति/सुझाव दिनांक 14/10/24 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कॉलोनियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | स्थल/कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | अवधपुरी रिसाली | 634, 635, 636, 676 | 0.6611 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम रिसाली के कक्ष क्रं. 09 भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रिसाली

